हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 11 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

12 अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज पर्व


13 निकुम का नया एटीएम बंद, ग्रामीण हो रहे परेशान







हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in


## अच्छी खबर: चार साल में 28 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में हो रही है पढ़ाई

# सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों का बढ़ा क्रेज, 17 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल हिन्दी माध्यम और इंग्लिश मीडियम खोले हैं। सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम का क्रेज बढ़ा है। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूलों की अपेक्षा इंग्लिश मीडियम स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा है। जिले में केवल 28 इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं और यहां 16 हजार 972 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। वहीं हिन्दी माध्यम के छठवी से लेकर बारहवीं तक 14 स्कूल हैं और यहां 15 हजार 65 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस तरह हिन्दी माध्यम की तुलना में इंग्लिश मीडियम स्कूलों में दाखिले के लिए होड़ सी मच गई है।


इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश के लिए निकली लॉटरी में शामिल विद्यार्थी व पालक।

### 32 हजार विद्यार्थी केवल स्वामी आत्मानंद स्कूलों में

दुर्ग जिले में सरकारी स्वामी आत्मानंद स्कूलों की संख्या 42 हैं। यहां 32 हजार 37 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल को वर्ष 2021 में शुरू किया गया। केवल चार साल में ही स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती गई। वहीं स्वामी आत्मानंद स्कूल भी हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए खोले गए हैं। यहां भी विद्यार्थियों की दिलचस्पी बढ़ रही है। इसलिए कि हर ब्लॉक में एक हिन्दी माध्यम स्कूलों को मॉडल के रूप में विकसित किया गया है।

### दाखिले के लिए भी प्रतिस्पर्धा ज्यादा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा होती है। हर स्कूलों के एक कक्षा में 40 सीटें निर्धारित है। हाल यह होता है कि इन सीटों के लिए तीन से चार गुणा आवेदन आते हैं। जिसकी वजह से जिला शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में लाटरी निकालकर बच्चों का चयन करना पड़ता है। नवमी कक्षाओं के लिए तो स्कूलों में प्रवेश परीक्षाएं तक आयोजित करनी पड़ रही है। परीक्षाओं में क्वालीफाई करने के बाद मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है।

### इसलिए सरकारी इंग्लिश मीडियम का बढ़ा क्रेज

#### निजी स्कूलों की मनमानी फीस

पिछले चार सालों में सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों का क्रेज बढ़ा है। हाल यह है कि हर साल निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या कम होती जा रही है। पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों से निकालकर सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश दिला रहे हैं। निजी स्कूलों की मनमानी फीस और अन्य खर्चे भी हैं। जिसकी वजह से मध्यम वर्गीय पालक अपने बच्चों को सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजने लगे हैं।

#### सरकारी में बिना फीस पढ़ाई

स्वामी आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पहली से आठवीं तक बिना शुल्क के पढ़ाई हो रही है। छठवीं से बारहवीं तक शिक्षण शुल्क बेहद कम है। पुस्तकें भी सरकारी मुफ्त में दे रही है। इसके अलावा विविध शुल्क भी नहीं देना पड़ता। पालकों को केवल ड्रेस ही खरीदनी पड़ रही है। जिसकी वजह से सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में लगातार विद्यार्थी बढ़ते ही जा रहे हैं।

#### रिजल्ट भी बेहतर

स्वामी आत्मानंद स्कूलों का रिजल्ट भी हर साल सुधरता जा रहा है। इन स्कूलों में अध्यापन करवाने वाले टीचर भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों से अपनी पढ़ाई पूरी किए हैं। मेरिट आधार पर इन टीचरों की भर्ती हुई है। जो संविदा में हैं। जो टीचर पहले से ही शिक्षा विभाग में हैं वे भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करने और उसके बाद मेरिट लिस्ट के हिसाब से यहां नियुक्त प्राप्त की है। जिसकी वजह से वे विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बेहतर हो रही है।

#### इंग्लिश मीडियम में ज्यादा रूचि

सरकारी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम व हिन्दी माध्यम के स्कूलों का क्रेज बढ़ा है। इन स्कूलों में पढ़ाई के तौर तरीके अलग हैं। होम वर्क से लेकर विविध गतिविधियां भी बच्चों को करवाई जा रही है। जिससे विद्यार्थियों का स्कील डेवलपमेंट भी हो रहा।
**-अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

## एसपी का आदेश

# 96 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

थानों में कसावट लाने के लिए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने शनिवार को 96 पुलिस कर्मियों का तबादला सूची जारी की, जिसमें 3 उपनिरीक्षक, 23 सहायक उपनिरीक्षक और 70 प्रधान आरक्षक शामिल हैं। ट्रांसफर सूची में शामिल ज्यादातर वही पुलिस कर्मी शामिल हैं, जो लंबे समय से एक थाने में जमे थे। एक साथ ट्रांसफर की इतनी लंबी सूची निकलने के बाद कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। अब कुछ दिनों बाद चौकी और थाने में जमें प्रभारियों का भफी ट्रांसफर होने की जानकारी मिल रही है।

### एसपी ने किया दो आरक्षकों को निलंबित

**भिलाई।** एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दो आरक्षकों को निलंबित किया है। जिसमें आरक्षक चौकी स्मृति नगर में पदस्थ विजय कुमार सिन्हा को लाइन अटैच किया गया है। आरक्षक शराब के नशे में दो बार अपने पुलिस कर्मियों से उलझ बैठा था। 6 अगस्त को शराब के नशे में धुत होकर जामुल थाने पहुंचा। जहां समन वारंट मददगार आरक्षक गजेंद्र सिंह के साथ वाद-विवाद करना शुरु कर दिया। आरक्षक कोर्ट के समन और वारंट को छीनने का भी प्रयास किया था। 9 अगस्त को थाना सुपेला में डायल 112 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक रमेश जायसवाल ने जब उसके शराब के नशे में घूमने की शिकायत किया तो उसके साथ भी अभद्रता करने लगा। वहीं दुर्ग कोतवाली थाना पदस्थ आरक्षक किशोर भगत को भी निलंबित किया।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज की बैठक आज

**भिलाई।** दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र सुपेला रजक धोबी समाज परिक्षेत्र सुपेला का बैठक 11 अगस्त रविवार को दोपहर 12 बजे शीतला मंदिर सुपेला में रखी गई है। दुर्गराज झेरिया धोबी समाज अध्यक्ष जीवन निर्मलकर ने बताया कि रामनगर व जेवरा सिरसा सहित अन्य विषय पर चर्चा होगी। सुपेला परिक्षेत्र के गदा चौक, कृष्णा नगर, कांट्रेक्टर कॉलोनी, रावण भाटा , रामनगर, वृंदावन नगर, 18 नंबर 8 कैंप 1 ,कैंप 2 , संतोषी पारा ,शारदा पारा, पावर हाउस, नंदिनी रोड , जुनवानी, कातुल बोर्ड, मॉडल टाउन ,नेहरू नगर क्षेत्र के लोग शामिल होंगे।

### खेत से मशीन चोरी

**भिलाई।** खेत से मशीन चोरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 112 (2), 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि किसान तारण दास का उसका ग्राम नंदिनी खुदनी हरदी रोड भर्री खार में दो एकड खते है। धान के फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में तार का घेराकर झटका मशीन लगाया है। 8 अगस्त की रात खेत को देखने के लिए पहुचा तो मशीन गायब मिला। खेत में सोलर पैनल से लगे बैटरी के तार भी कटा हुआ थाष करंट लगने वाली मशीन नहीं थी। मशीन को खोजबीन के लिए आस पास देखा गया। खोजबीन पर सड़क के पास एक बाइक खड़ी थी।

# तिरंगा जागरूकता के लिए निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा झण्डा लगाने की जागरूकता हेतु साईकल रैली निकाली गई। जन जागरूकता रैली जोन क्रमांक 01, 02 में निकाली गई, जिसमें सैंकड़ो लोग शामिल हुए। रैली की शुरूवात नेहरू नगर जोन कार्यालय से भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, सुशील चैधरी, भारत विकास परिषद के अनिल कुमार डागा, जितेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली केपीएस चौक नेहरू नगर में भ्रमण करते हुए नेहरू नगर चैंक पर स्थित शहीद पार्क में समापन किया गया। वहां पर एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रैली में शामिल हुए सभी सदस्यो को तिरंगा शपथ दिलाया। जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, अनिल मेश्राम, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, राजेश पालवे, प्रदीप भुवाल, विजय, सुदामा परगनिया आदि शामिल हुए।



# भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान 9 से लेकर 15 अगस्त 2024 तक के कालखंड को स्वत्रंता सप्ताह के रूप में मनाया जाना है। इसे लेकर रोज कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि और आम जनों में देश भक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के तहत निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें हर घर तिरंगा का संदेश दिया गया। निगम कार्यालय से रैली शुरु होकर बाजार चौक भिलाई-03 फिर मुख्य सडक से होते हुए पुलिस थाने के सामने से निगम कार्यालय तक पहुंची। रैली की अगुवाई निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने किया। इसके बाद निगम के कर्मियों द्वारा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर इकट्ठा होकर तिरंगा प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में सहायक अभियंता डी.के.पांडेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला,



सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता किसलय साहू, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता वैभव त्यागी, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, मिशन मैनेजर आदित्य भटनागर, सुरेश नासरे, राजू वर्मा, तोरण चन्द्राकर, टिकेन्द्र शर्मा, श्यामता साहू, यशवंत ठाकुर, चेतन देवांगन, अविनाश चन्द्राकर, मुकेश यादव, हरीश यादव, समेत निगम के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद थे।

## आरोपी युवक गिरफ्तार, छावनी थाना क्षेत्र की घटना

# महादेव सट्टा ऐप: खाते से क्रेडिट व डेबिट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

महादेव सट्टा ऐप चलाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप 2 पुरानी मछली मार्केट निवासी मो. शाहिल ने फर्जी खाता और सिम निकालने की शिकायत की थी।

भिलाई कैंप 1 निवासी तबरेज खान ठगी से आधार कार्ड, पेन कार्ड लिया। भिलाई नगर निगम आरके कलर्स नाम से दुकान का फर्जी गुमास्ता बनाया। इसके बाद कोटक बैंक में उसके नाम पर फर्जी करंट खाता खुलवा दिया। खाते में 64 लाख रुपए क्रेडिट डेबिट हुआ तो बैंक की विजलेंस टीम ने खाते को फ्रिज कर दिया। इसके बाद बैंक के कर्मचारी आरके कलर्स पहुंचे। संचालक राजू बाघ ने कहा कि दुकान का मालिक वह है, ना कि मो. शाहिल। इसके बाद बैंक के कर्मचारियों ने मो. शाहिल को पकड़ा। मो. शाहिल ने बताया कि उस खाते का उपयोग तबरेज महादेव सट्टा ऐप की रकम क्रेडिट डेबिट करने के लिए किया था। इसके बाद शाहिल ने छावनी थाने में तबरेज के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने तबरेज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में उसे भेज दिया है। पुलिस अभी इस मामले की जांच कर रही है। आरोपी तबरेज को पुलिस ने रिमांड भी मांगा है। जिससे पता चल सकेगा कि वो किसके नाम की महादेव पैनल चला रहा था। वो पैनल उसे किसने दिया। कमीशन की रकम किसके पास पहुंचाता था। इसे लेकर कुछ नाम भी सामने आए है। जिसे पुलिस जल्द उजागर करेगी। आरोपी से मोबाइल, सिम, एटीएम, आधार कार्ड आदि जब्त किया है।



### गुर्गों के खोजबीन में लगी पुलिस

सूत्रों के मुताबिक रवि कलेत, आकाश, कुंदन सिंग, सुशांत, विनय सिंग, आशिफ़, तेजी, राहुल, संतोष, मोनू, अर्जुन, सरबजीत, बादल डे, हन्नी और बंसोड बंधु, नवीन, बिल्ला, विक्रम, राजा सोना, विकास, बुधिया, सतीश, सोनू, अनुराग, जगदीश समेत सैकड़ों की संख्या में ऑनलाइन महादेव सट्टा के कारोबार में शामिल है। इनमें से कई युवक दुबई तक रिटर्न है, साथ ही महादेव सट्टे का सरगना सौरभ चंद्राकर के शादी में भी शामिल हुए है।पुलिस इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। उक्त गुर्गों को पुलिस खोजबीन करना शुरु कर दिया है।

### चाय दुकान के आड़ में भी एकाउंट का काम

मिली जानकारी के मुताबिक शहर में चाय दुकान के आड में भी महादेव सट्टा ऐप के लिए अकाउंट का काम किया जा रहा है।इसके लिए बकायदा चाय वाला टैक्स फाइल तक अपडेट करा चुका है। यह चाय दुकान महादेव सट्टे से जुड़े कारोबारियों का अड्डा बना हुआ है। जबकि चाय दुकान सिर्फ दिखाने के लिए है असली कारोबार इसका महादेव सट्टे के रुपए के खातों को मेंटेन करना है। इसकी जानकारी पुलिस के कर्मियों तक को है।लेकिन यहां बैठने वाला गुर्गों का बॉस दुर्ग में जो इन सटोरियों को चलाया करता है। महादेव सटोरियों की दिक्कतों पर पुलिस तक को मेंटेन करने का ठेका उसी के पास है।

### जुटाई जा रही है जानकारी

पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खाते से 64 लाख रुपए का क्रेडिट और डेबिट किया गया है। महादेव से जुड़े लोगों की जानकारी पुलिस जुटा रही है।आने वाले दिनों में बड़ी कार्रवाई होगी।
**हरीश पाटिल,** सीएसपी छावनी

### गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से गांजा की तस्करी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर वृंदा नगर केम्प 1 गणेश मंदिर के पास रहने वाली वीरो पति स्व कनेल सिंह 65 वर्ष को 4 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया है। महिला के पास से 3 हजार रुपय नगद भी मिला है। महिला लंबे समय से गांजा की तस्करी का कारोबार करती थी। गांजा की कीमत करीब 3 हजार बताई जा रही है।

## शहर में पूरे दिन चलती रही चर्चा, जिलाध्यक्ष समेत पार्षदों का मोबाइल रहा बंद

# भिलाई निगम के तीन कांग्रेसी पार्षदों ने दिया इस्तीफा!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई नगर निगम के तीन पार्षदों के इस्तीफे की चर्चा पूरे दिन गर्म रही। दो पार्षद निर्दलीय जीतकर आए थे लेकिन कांग्रेस में चले गए थे। वहीं एक पार्षद कांग्रेस पार्टी से ही जीतकर आए थे। ऐसी खबर है कि ये तीनों पार्षद भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। शनिवार को भिलाई निगम के भाजपा पार्षद व वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का जन्मदिन रहा। तीनों पार्षदों का इस्तीफा विधायक को तोहफा देना माना जा रहा है।

### सामान्य सभा में सत्ता पक्ष में होने के बाद भी रहे मुखर

भिलाई निगम की पिछले सामान्य सभा में सत्ता पक्ष के होने के बाद भी इस्तीफा देने वाले तीनों पार्षद मुखर रहे। शहर की साफ-सफाई के मुद्दे में इन पार्षदों ने अपनी ही पार्टी के प्रस्तावों पर असहयोगात्मक रवैया अपनाया। उनके साथ कांग्रेस के कई पार्षद भी अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। हंगामे के बाद आखिरकार सभापति को सफाई ठेका को निरस्त करने के पहले पार्षदों व अधिकारियों की जांच कमेटी बनाना पड़ा।


भिलाई निगम सामान्य सभा का दृश्य। (फाइल फोटो)

### बदल सकती है भिलाई निगम की राजनीति

वार्ड क्रमांक 3 के हरिओम तिवारी, वार्ड क्रमांक 6 के रविशंकर कुर्रे और वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद रानू साहू के इस्तीफे की चर्चा राजनीतिक हल्कों में गर्म रही। इन तीन पार्षदों के इस्तीफे से भिलाई निगम की राजनीति भी बदल सकती है। इसलिए कि पहले ही दो पार्षदों को कोर्ट के द्वारा अयोग्य करार दिया गया है। इसमें से दो निर्दलीय पार्षद हैं लेकिन वे कांग्रेस पार्टी में चले गए थे।

### बंद रहे कांग्रेस अध्यक्ष व पार्षदों के मोबाइल

तीनों पार्षदों की इस्तीफे की पुष्टि करने के लिए भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को कई बार फोन लगाया गया लेकिन उनका मोबाइल स्वीच ऑफ आया। कुछ देर के लिए मोबाइल इंगेज आया लेकिन फिर बंद हो गया। इसी तरह पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे और रानू साहू का भी मोबाइल स्वीच ऑफ रहा। जिसकी वजह से इस्तीफे की वजह का पता नहीं चल पाया। कांग्रेस जुड़े सूत्र इस्तीफें की खबर को सही बताया।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### ाग स्तरीय संवाद न बीआईटी में

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-7 अंतर्गत संभाग स्तरीय संवाद क्रम का आयोजन 11 अगस्त र्वान्ह 11 बजे बीआईटी कॉलेज क ऑडिटोरियम में किया गया जला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे। क्षता खाद्य मंत्री दयालदास न करेंगे। सांसद विजय बघेल संतोष पाण्डे तथा विधायक न लाल कोरसेवाड़ा, ललित करए, गजेंद्र यादव एवं रिकेश विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रम में शिरकत करेंगे। क्रम के दौरान राज्य नीति ग टीम द्वारा अमृतकाल सगढ़ विजन-2047 संबंधी तिकरण किया जाएगा।

### टना में घायलों को र्थिक सहायता स्वीकृत

कलेक्टर एवं दावा निपटान क्त सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी र्टना में घायलों को 1 लाख की आर्थिक सहायता दान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त कारी के अनुसार ग्राम परसदा कोड़िया तहसील अहिवारा दुर्ग निवासी शौर्य सिंह प एवं खुमान सिंह कश्यप की न 07 फरवरी 2023 को र मारो और भाग जाओ वाहन ना के चलते गंभीर उपहति हो थी। उक्त घटना में गंभीर रूप यल शौर्य सिंह कश्यप एवं न सिंह कश्यप को प्रतिकर स्कीम 2022 के तहत शियम प्रतिकर के रूप में क्टर द्वारा 50-50 हजार रूपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि कृत की गई है।

### ावकर ने ग्याहवी बार रक्तदान

जीवन दीप समीति के सदस्य त डोंगावकर के द्वारा 11 वीं बार 'ए' पाजिटिव ब्लड और द रजवी ने भी 11 वीं बार 'ए' टिव ब्लड रक्त दान किया। ने रक्तदान कर मरीज की बचाई। इस दौरान सीएस डॉ साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, ा, टीएस एंथोनी, रोशन सिंह, एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के कारिणी सदस्य और जीवन समिति के सदस्य दिलीप र, सदस्य सतीश सुराना, देवांगन की भूमिका रही।

# राखी भेजने पन्द्रह दिनों में ही बिक गए 13 हजार वाटर प्रुफ लिफाफे

## रक्षाबंधन पर्व के लिए बहनें भेज रही वाटर प्रुफ लिफाफे में राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खास खबर

आगामी 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व हैं, जिसके चलते दुर्ग डिवीजन (संभाग) के अधीन आने वाले डाकघरो में वाटर प्रुफ लिफाफे की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। महज पन्द्रह दिन में ही डाकघरों से तेरह हजार से अधिक लिफाफे बिक गए। लिफाफे की डिमांड को देखते हुए डाकघरों में 22 हजार से अधिक मांग भेजे गए थे।

रक्षाबंधन में हर साल वाटरप्रुफ लिफाफे की डिमांड बनी रहती है। जिसे देखते हुए दुर्ग डिव (संभाग के जिले) द्वारा इस सीजन में 22 ह लिफाफे मंगाए गए थे। जिसमें पन्द्रह दि जबरदस्त डिमांड ने आधे से ज्यादा पत्र हाथों हा लिए है। उल्लेखनीय हैं कि, बारिश के दि रक्षाबंधन में राखी भेजना के लिए बहने ज सुरक्षित वाटर प्रुफ का उपयोग कर रही है। दुर्ग मास्टर टिकेश्वर सिन्हा ने बताया कि, लिफाफे कीमत दस रूपए है। डिमांड को देखते हुए शह दर्जनभर इलाको में पीली पेटी भी रखी गई है। उ बताया कि, दुर्ग मुख्यालय में एक, सुपेला औ डाकघरों में पेटी रखी गई हैं, ताकि बहनों को परे का सामना नही करना पडे।

### झंडे की भी डिमांड, घर-घर सजेंगे

रक्षाबंधन के पहले पन्द्रह अगस्त के दिन के लिए तिरंगे झंडे की डिमांड भी बनी हुई है। दुर्ग डाकघर में चार हजार झंडे स्टाक में रखे गए थे, जिसमें से साढे तीन हजार झंडे बिक गए है। कर्मचारियों ने बताया कि, तीन बाई दो की साइज वाले झंडे की कीमत 25 रूपए निर्धारित है। स्वतंत्रता दिवस के दिन जिला भाजपा द्वारा भी प्रत्येक बूथ में पचास-पचास नग तिरंगा झंडे का वितरण घरों और दुकानों में करेगी।




### रविवार को भी खुलेगें रहेगें डिलिवरी आफिस

रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पहले रविवार को संभाग के सभी डिलिवरी आफिस खुले रहेगें। देखा गया है कि, कई लोगो को राखियां नही पहुंचने पर लोग संपर्क करते है। ऐसे में लोगों की समस्या को ध्यान में रखकर इस दिन में डिलिवरी आफिस खुला रहेगा। बहरहाल रक्षाबंधन के चलते दुर्ग डाकघर में सुबह से ही बहने राखी भेजने पहुंच रही है, जिसके चलते लंबी कतारे भी लगनी पड रही है।

## जनता की आवाज : बुनियादी सुविधा दिलाने शहरवासियों ने रखी मांग

# सड़क बनाने अधिक अर्जी, पेयजल राशन के लिए भी सैकड़ों की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में विगत 29 जुलाई से लगाए गए शिविर में सबसे ज्यादा अर्जी नई और जर्जर सडको की मरम्मत को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के पास पहुंचे है। इसके आलावा लोग पेयजल से त्रस्त है। पेयजल के आलावा राशन कार्ड नही बनने, आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड सुधार, नया बनाने को लेकर चौदह दिन में 1630 आवेदनों (अन्य विभाग) की झडी लगा दिए है। हांलाकि शिविर में मिले 741 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया हैं, वही शेष आवेदनों की जल्द सुनवाई किए जाने का दावा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम में विगत 29 जुलाई से आठ अगस्त तक लगातार शहर के साठ वार्डो में शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान लोगों ने बुनियादी सुविधा जैसे सडक, पेयजल, बंद लाइट, आयुष्मान व राशन कार्ड बनाने व नाम सुधारने को लेकर शिविर मे अपनी पीडा बयां की है। बहरहाल शेष आवेदनों का राज्य शासन द्वारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण के निर्देश दिए गए है। शिविर में पेंशन, टैक्स वसूली, भवन शाखा, विद्युत विभाग, जल विभाग सहित अन्य विषयों को लेकर लोगों ने खुलकर शिविर में अर्जी लगाई है। इस दौरान मौके पर साढे सात सौ से अधिक आवेदन का निराकरण कर लिया गया है।

## लोककर्म और स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा आवेदन, मौके पर भी निपटे प्रकरण




### जिले में 11 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान कार्ड योजना के तहत जिले के सभी निकायों में लगे शिविर में करीब 11 हजार से अधिक कार्ड बनाए गए है। इसके लिए दुर्ग निकाय के शिविर में 111 आवेदन पहुंचे थे। खाद्य विभाग के अफसरों की माने तो राशन कार्ड के लिए 173 आवेदन दुर्ग में आए है। इसमें लोग नाम काटकर जोडने के लिए गुहार लगाए है, वही कई लोगों ने नवीनीकरण के बाद नए कार्ड के लिए भी मांग की है।

### पीडब्ल्यूडी में फंड का रोना

शहरवासियों ने निगम के द्वारा पहली प्राथमिकता जर्जर सडक को सुधारने व नया सडक बनाने को लेकर आवेदन दिए है। लेकिन जनप्रतिनिधियों का कहना है कि, निगम में फंड नही है। पीडब्ल्यूडी प्रभारी अब्दुल गनी का कहना है कि, राज्य शासन से फंड जारी नही हुए है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि, निगम बुनियादी सुविधा आम लोगों को कैसे उपलब्ध कराएंगी। शहर में ज्यादा मांग जर्जर सडको की मरम्मत को लेकर भी उठने लगी है।

### इस तरह शिविर में मिली अर्जियां

विगत 29 जुलाई से आठ अगस्त तक लगाए गए शिविर में आयुष्मान कार्ड 111, आधार कार्ड 124 राशन कार्ड 173 पेंशन 10 टैक्स वसूली 26 भवन शाखा 29 विद्युत विभाग 44, स्वास्थ्य विभाग 99, जन्म मृत्यु शाखा जीरो, लाइसेंस 9, एनयूएलएम 18, जल विभाग 110, पीएम आवास 25, लोककर्म विभाग 342, बाजार विभाग 2, स्वास्थ्य विभाग 316 है। इस तरह निगम में 1438 आवेदन आए, जिसमें 779 का निराकरण कर लिया गया है। निगम के आलावा प्रशासन के अन्य विभाग जिसमें विद्युत सीएसईबी 43, पट्टा राजस्व विभाग तहसील 32 श्रम विभाग 7 महिला बाल विकास विभाग 64 व अन्य विभाग 46 आवेदन मिले है। इस तरह अन्य विभाग से 192 आवेदन प्राप्त हुए है।

# न बारिश और न हवा तूफा फिर भी बार-बार बिजली ब



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बिजली कंपनी ने बगैर बारिश और हवा तूफान के बाद भी बार-बार बिजली बंद कर लोगों को आफत में

- बिजली कंपनी भरी उमस के बीच कर रहा

डाल दिया है। शनिवार को इंदिरा मार्केट में आधा दर्जन से अधिक बार बिजली बंद होने से व्यापारिक प्रतिष्ठान और आवासीय इलाको में लोग परेशान रहे। बीच-बीच वोल्टेज की परेशानी से भी लोगों का आक्रोश बढता रहा।

शहर की सबसे प्रमुख इंदिरा मार्केट में व्यापारिक प्रतिष्ठान होने के कारण यहां बिजली बंद होने से व्यापार प्रभावित होती है। इसके आलावा घनी आबादी होने के कारण बिजली चले जाने समस्या उत्पन्न हो जाती है। श को शाम साढे छः बजे से साढे बजे तक बिजली हालाकान व रही। बिजली जाने के आलावा वोल्टेज से कामकाज ढप करीब आठ बजे बिजली ब किया गया। सूत्रों ने बताया इंदिरा मार्केट में एक फेस ब गया था। जिसके चलते परे आई थी।

### काम का नहीं रहा हेल्पलाइन नंबर

इंदिरा मार्केट के व्यापारियों ने इ मामले की जानकारी लेने हेल्पल नंबर में भी संपर्क किया। लेकिन यहां लगातार बिजी होने का टोन बजता रहा। वही इस संबंध में ई दुर्ग सिटी आरके दानी से भी संप किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

### जिले में अब तक 484.0 मिमी औसत वर्षा द

**दुर्ग।** जिले में 01 जून से 10 अगस्त तक 484.0 मिमी औसत वर्षा द गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अ 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 814.6 मिमी पाटन तहसील में न्यूनतम 332.1 मिमी धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अ तहसील दुर्ग में 402.0 मिमी, तहसील बोरी में 400.2 मिमी, तहसील भि 3 में 427.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 527.7 मिमी वर्षा दर्ज की ग 10 अगस्त को तहसील बोरी में 3.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

क वर्ष की तरह इस वर्ष भी वाल महिला मंडल द्वारा श्रावण के शुक्ल पक्ष की तृतीया को ाली तीज अग्रसेन भवन में लास से मनाई गई। इस दिन

- कम्पीटीशन को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह

ज की महिलाएं हाथों में मेहंदी कर मां पार्वती और भोलेनाथ से न सुहाग की कामना करती हैं सुखी वैवाहिक जीवन की ना करती हैं। यह त्यौहार सभी गिन महिलाओं के लिए खास है और सावन में बहुत ही ाम से मनाया जाता है। वाल महिला मंडल की अध्यक्षा ा गोयल ने बताया कि, क्रम पारंपरिक परिधानों सावन के झूले, सेल्फी पॉइंट, लजीज व्यंजन, आकर्षक एवं पारंपरिक गीत संगीत, फन और गेम्स से भरपूर था। तीज क्वीन, सास बहू की जोड़ी एवं विभिन्न गानों के हुक स्टेप कम्पीटीशन में जोरदार समा बांधा। समाज की महासचिव सरोज अग्रवाल ने बताया तीज क्वीन कम्पीटिशन के लिए हर कोई उत्साहित था एवं सास बहूकी जोड़ी में सासों ने अपनी बहू का लाड लडाया। इस कार्यक्रम में समाज की संरक्षिकाएं उषा अग्रवाल, निर्मला बंसल, राधा अग्रवाल, अनिता बंसल, मंजू प्रेम अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, संगीता गणेश अग्रवाल, आरती अग्रवाल, कांता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अनीता गौरी शंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजना पोद्दार एवं अन्य शामिल हुए। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की कार्यकारिणी के पी डी ग्रुप जिसमें ममता अग्रवाल, श्वेता रुंगटा,शालू अग्रवाल, दीप्ति बंसल, संध्या गुप्ता, तृप्ति अग्रवाल,रितु रुंगटा, सारिका अग्रवाल, रचना अग्रवाल द्वारा प्रमुख रूप से किया गया।



# विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, निकाली गई तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त को आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी शासकीय छात्रावासों, प्रयास आवासीय विद्यालय तथा विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र में आदिवासी महापुरुषों से संबंधित शैक्षणिक एवं सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, गीत संगीत, आदिवासी नृत्य, भाषण, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से आदिवासी समाज की संस्कृति सभ्यता को कैसे एक से दूसरे पीढ़ी में हस्तांरित किए जाये, ऐसे संदेश देने वाले कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग अरविंद कुमार एक्का, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमंत कुमार सिन्हा तथा समाज के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शासन के मंशा अनुरूप हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत 9 अगस्त को तिरंगा रैली निकाली गई।

# तंबाकू से होने वाले बीमारियों की द गई शिविर में विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम विगत दिनों संभाग स्तरीय पंचायत विभाग का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपन्न हुआ। जिसमें तंबाखू के नशे से होने वाले

- कार्यक्रम में डीईओ व बीईओ रहे मौजूद

हानिकारक प्रभाव के बारे में एवं तंबाकू उत्पादों से होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त संचालक, डॉं. मिथलेश चतुर्वेदी एवं उपायुक्त अजय कुमार मिश्रा तथा मुख्य चिकीत्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, डॉ. आरके खण्डेलवाल, ज़िला नोडल अधिकारी और ज़िला कार्यक्रम अधिकारी संदीप, डा. सोनल सिंग, ललित साहू व सोसल वर्कर कविता ताम्रकार के द्वारा जिला चिकत्सालय में संचालित तम्बाकू मुक्ति केन्द्र की जानकारी दी गईं। साथ ही दुर्ग संभाग के समस्त ज़िलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डॉं. शिल्पा जैन राष्ट्रीय मास्टर टेनर के द्वारा तंबाकू से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई और तंबाकू की लत को कैसे छोड़े इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही राज्य लीगल सलाहकार ख्याति के द्वारा कोटपा अधिनियम २०० सभी प्रमुख धाराओं के बा जानकारी दी, उसी प्रकार ड शैलेंद्र मिश्रा राज्य समन्वयक के तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के ब पुण जानकारी दी गई। विलेश के द्वारा शैक्षणिक संस्थानों त मुक्त कैसे किया जाए, साथ ही को नशे की आदतों से कैसे ब और सरकार के सभी दिशानिर्देश पालन कैसे किया जाए इस विष विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।




## एक शिक्षक और प्रधानपाठक से कैसे आयेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

# युक्तियुक्तकरण की आड़ में सेटअप से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासन के शिक्षा महकमे द्वारा किए गए युक्तीयुक्तकरण से क संगठनों में आक्रोश की ति निर्मित हो गई है। स्कूल और

- शिक्षक संगठन मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

को का एक साथ किए जाने युक्तीयुक्तकरण में राज्य न द्वारा वर्ष 2008 से निर्धारित प में छेडछाड किए जाने का प शिक्षक संगठन लगा रहे है। ने इस मामले में मुख्यमंत्री से लगाने का निर्णय लिया है।




वर्ष 2008 के सेटअप में प्राथमिक स्कूल में एक प्रचार्य और दो शिक्षक का प्रावधान है। लेकिन नए नियम में इसे एक प्रचार्य और एक शिक्षक कर दिया गया है। जबकि प्राथमिक स्कूल में साठ से अधिक बच्चे अध्यनरत है। ऐसे में शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित होने की बात शिक्षक कह रहे है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आज प्रदेश के स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए दिशानिर्देश जारी करते ही बवाल मचा दिया गया है। शालेय शिक्षक संघ ने इसे सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ पक्षपातपूर्ण निर्णय बताते हुए विभाग से पूछा है कि, क्या इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने का अधिकार नही है..? यदि है तो अधिकारी बताये कि पांच कक्षा को एक प्रधानपाठक और एक शिक्षक कैसे अध्यापन कार्य कराएंगे ?? ऊपर से नित नए अनुचित प्रयोगों को नवाचार के नाम पर स्कूल में थोपे जाते हैं। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने युक्तियुक्तकरण हेतु जारी दिशा-निर्देश को प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं की शिक्षा को गर्त में ले जाने वाला बताते हुए कड़ा विरोध किया है। प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि, यह युक्तियुक्तकरण की आड़ में सेट अप बदलने की साज़िश है। प्रधान पाठक सहित केवल दो शिक्षकों का न्यूनतम सेट अप आपत्तिजनक है। शालेय शिक्षक संघ के चंद्रशेखर तिवारी, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, तिलक सेन, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पाण्डेय, योगेश वर्मा, केशव देवांगन, प्रभा सिंह, किरण गौर,लाला राम साहू,आदि पदाधिकारियो ने सरकार से उपरोक्त मांगो पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### पढ़ाई के अलावा ये भी कार्य

जिसमें जनगणना, अनेकों सर्वे, मध्यान भोजन, ऑनलाइन, ऑफलाइन जानकारियां मांगने जैसे अनेको गैर शैक्षणिक कार्यो से वैसे भी पढाई बाधित होती रही है। ऊपर से अब युक्तियुक्तकरण के इस जारी निर्देश में प्राथमिक शालाओं की पांच कक्षा और बालवाड़ी को पढ़ाने के लिए मात्र एक शिक्षक और एक प्रधानपाठक के जिम्मे छोड़ा जा रहा है, जो कि अव्यवहारिक और अनुचित है।

# विधायक की पहल से ई-रिक्श चालक होंगे अब वर्दीधारी



**दुर्ग।** अब दुर्ग शहर के ई-रिक्शा चालक वर्दी में नजर आएंगे और उनके पहचान पत्र भी होगा। शहर में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखत विधायक गजेंद्र यादव ने ई-रिक्शा चालकों को वर्दी प्रदान किये है। ट्रै विभाग के अधिकारियो ने सभी रिक्शा वालों को पंजीकृत कर रिक्श नंबरिंग भी करेंगे। ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ दुर्ग के सदस्यो विधायक ने वर्दी वितरण किया। संघ के अध्यक्ष विक्रम मजूमदार ने ब कि, संगठन से जुड़े लगभग 50 ई रिक्शा चालको को विधायक द्वारा दो च में वर्दी और परिचय पत्र का वितरण किया जा चुका है। खाकी रंग की व साथ उनका नाम, मोबाइल, पता की जानकारी लिखित पहचान पत्र भी गया। इससे पुलिस द्वारा चलानी कार्रवाई और चालक और यात्री के किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में पहचान पत्र से उन पर शिकंजा में व सहायता मिलेगी।

# अच्छे जीवन की चाह है तो संतान को संस्कारित शिक्षा अवश्य दिलाएं: सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि जामगांव आर में हुआ आयोजन

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में संस्कारित शिक्षा जीवनदायनी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रादेशिक परीक्षा संयोजक भानुप्रकाश सोनी एवं सह वक्ता संस्थान के दुर्ग राजनांदगांव विभाग समन्वयक दीपक सोनी थे। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन, प्राचार्य पीएल बारले सहित आचार्य दीदियों की उपस्थिति रही। संस्थान के इन प्रतिनिधियों ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल प्रवास कर समिति सदस्यों से सारगर्भित विषय अंतर्गत चर्चा किए। मार्गदर्शन दिए।

## संतान संस्कारित हो तो माता- पिता का जीवन हो जाता है निहाल

मुख्य वक्ता भानुप्रकाश सोनी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारित शिक्षा के माध्यम से समाज के देश भक्त नागरिक तैयार करने पर विश्वास करती है। संस्कारित शिक्षा जीवनदायनी है। संतान संस्कारित हो गया तो माता-पिता परिवार का जीवन निहाल हो जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संस्कारित शिक्षा समय की मांग बन गई। संतान के कटु व्यवहार से पीड़ित समाज की रक्षा में संस्कारित शिक्षा की मरहम का काम कर सकती हैं। जिनको अच्छा जीवन की चाह है वे संतान को संस्कारित शिक्षा अवश्य दिलाए।



## सशिम में आचार्य दीदी को भी संस्कार साधना का मिलता है अवसर

शिक्षा विभाग में सेवारत रहे 66 वर्षीय प्रादेशिक संयोजक सोनी ने कहा कि समर्पित भाव से अध्यापन करने वाले स्वयं को गुरु से प्राप्त शिक्षा के ऋण से उऋण होने का सचेष्ट प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में सेवा देने वाले आचार्य दीदी समाजसेवा का पुण्य भरा काम करते हुए अपने जीवन को साधते हैं। समाज के प्रति अपना दायित्व का निर्वहन कर सुकून और संतोष प्राप्त करते है। विद्यालय प्रबंधन भी परिवार की सदस्य की भांति स्नेह सम्मान देते हुए अन्य उपयुक्त प्रबंधन की ओर सजगता रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक को प्रयोग धर्मी होना चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यापक को अपने जीवन को भी संस्कार साधना में साधने का शानदार अवसर मिलता है।

## तन-मन-धन का सच्चा रखवाला संस्कारित शिक्षा से ही संभव

सह वक्ता दीपक सोनी ने कहा कि जीवन को समझने और जीवन को संभालने में संस्कारित शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार युक्त शिक्षा देकर आपके संतान को आपके सुखद भविष्य का साथी बनाने का हर संभव प्रयास करते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़कर निकले बच्चों में संस्कार की मिशाल समाज में खुले रूप से दिखाई पड़ती है। संतान माता-पिता के तन-मन-धन का सच्चा रखवाला संस्कारित शिक्षा से ही बन सकता है। व्याख्यान में प्राचार्य पीएल बारले, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, धनेश्वरी साहू, निहारिका धीवर, परमेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, सुनीता सेन, तृप्ति चंद्राकर, रोशनी साहू, चंद्रिका यादव, तेजेश्वरी साहू, कुसुमलता, हीना साहू, कृतिका साहू, ममता साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शासकीय नवीन कॉलेज बोरी में दीक्षारंभ



**अंडा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में स्नातक प्रथम वर्ष का दीक्षारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू की उपस्थिति में सुचारू रूप से संचालित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पवन शर्मा, कृष्णा पटेल, संजय कश्यप, अरविंद पटेल एवं राजेंद्र पटेल भी उपस्थित थे। दीक्षारंभ कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया एवं उपस्थित सभी अभिभावकों का आतिथ्य सत्कार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती वंदना एवं राज्य गीत द्वारा किया गया। फिर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को एवं उनके अभिभावकों को दी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी सरल भाषा में प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जितेन्द्र साहू ने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्नातक में प्रवेश के लिए शुभकामना दी।

## निधन

### चितरंजन पंडा



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 10-ए, सड़क-34, सेक्टर-4 निवासी चितरंजन पंडा (57 वर्ष) का शनिवार को मित्तल अस्पताल में निधन हो गया। वे सुमति पंडा के पति तथा नयन और नमन पंडा के पिता थे। श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-6 के पूर्व महासचिव गजेंद्र पंडा के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### अभिषेक वर्मा



**भिलाई।** नंदौरी बीएमवाई चरोदा निवासी अभिषेक वर्मा का निधन 10 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे विनोद कुमार वर्मा के सुपुत्र, कचरा बाई वर्मा के पोता, टोप सिंह वर्मा, ढालेंद्र वर्मा के भतीजा थे।

रोजगार : 20 सालों से उगा रहा भाजी, हजारों का मुनाफा भी कमा रहा

# दुर्ग के आमटी की खेड़ा जरी और चेंच भाजी होती स्वादिष्ट

संजय साहू ▶▶|अंडा

आज छत्तीसगढ़िया स्टाइल की खेड़ा (जरी) भाजी की चर्चा की जाए। छत्तीसगढ़िया लोगों के तो मुँह में पानी आ गया होगा खेड़ा भाजी की खट्टी सब्जी को याद कर। खेड़ा( जरी )भाजी की न सिर्फ भाजी बल्कि उसके तने और जड़ को भी सब्जी के रूप में बनाया जाता है। आमतौर पर खेड़ा (जरी )भाजी अप्रैल से अगस्त के महीने तक आसानी से छत्तीसगढ़ के बाजारों में उपलब्ध है।

गांव के किसान रेवा राम पटेल ने बताया कि मैं 20 सालों से खेड़ा और चेच भाजी की खेती कर रहा हूं। गांव में लोग कई पीढ़ी से इसकी खेती कर रहे हैं। हमारे गांव में पैदा होने वाले खेड़ा की खास बात यह है कि बाकी जगह उगने वाले खेड़ा से ज्यादा स्वाद और मुलायमता इसमें है। दूसरी जगह उगने वाले खेड़ा की जड़ में मिठास होती है लेकिन यहां उगने वाला खेड़ा पूरा मीठा होता है। क्यों की यंहा की जगह नदी किनारे होनें के कारण रेतीला होती है जिससे सब्जियाँ की मात्रा ज्यादा स्वादिष्ट होती है और वहीं चेंच भाजी भी मुलायम होने के साथ स्वादिष्ट है। एक्सपट्र्स के मुताबिक चेंच भाजी से पेट की सफाई होती है। वहीं खेड़ा में प्रचुर मात्रा में फाइबर मिलता है। ये पाचन और पेट के पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है।





### किसानों ने बताया फायदा

गांव के किसान पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि मैं 25 सालों से खेड़ा और चेच भाजी की खेती कर रहा हूं। गांव में लोग कई पीढ़ी से इसकी खेती कर रहे हैं। हमारे गांव में पैदा होने वाले खेड़ा की खास बात यह है कि बाकी जगह उगने वाले खेड़ा से ज्यादा स्वाद और मुलायमता इसमें है। दूसरी जगह उगने वाले खेड़ा की जड़ में मिठास होती है लेकिन यहां उगने वाला खेड़ा पूरा मीठा होता है। वहीं चेंच भाजी भी मुलायम होने के साथ स्वादिष्ट है। एक्सपट्र्स के मुताबिक चेंच भाजी से पेट की सफाई होती है। वहीं खेड़ा में प्रचुर मात्रा में फाइबर मिलता हैं। किसान रेवा राम पटेल ने बी.एस.सी फ़ाइनल करके भी खेती बाड़ी का कार्य अपने पत्नी केकती पटेल और तीन बच्चों के साथ मिलकर लगभग 1एकड़ की जमीन पर सब्जी उत्पादन का कार्य करता है उन्होंने बताया की पढ़ाई के बाद नौकरी की तलाश करता रहा लेकिन मुझे नौकरी नहीं मिली जिससे में निराश होकर अपने पिता जी के साथ खेती में अपना समय निकला आज मेरा परिवार इसी खेती के साहरे अपना जीवन यापन कर रहे है।आसपास के ग्राम में बाजार में खूब बिकता है जरी और भाजी और बाजार में लोगों को खूब पसंद है यह सब्जी।

### गांव के बाजार में दाम कम लेकिन शहर में ज्यादा

सब्जी विक्रेता ईश्वरीय पटेल, वेदराम पटेल, मानसिंह पटेल ने बताया की गांव में इसकी दाम कम रहेता लेकिन शहर में दुगुने दामों पर इसकी खरीदी होती है खास कर गर्मी के दिनों में जरी और चैछ भाजी की मांग काफ़ी होता है।

### स्वादिष्ट साग खेड़ा जरी और दाल

यह छत्तीसगढ़ की मशहूर खेड़ा जरी की सब्जी है इसे चना की दाल और मिक्स दाल के साथ भी बनाया है। कई लोग जरी की भाजी को ही बड़े चाव से सब्जी के रूप में खाते है।

छत्तीसगढ़ में गर्मी के मौसम में कई भाजियों और सब्जियों ले साथ गर्मी में ही मिलने वाली खेड़ा जरी की सब्जी भी मशहूर है. इसे चना की दाल और मिक्स दाल के साथ भी बनाया है। कई लोग जरी की भाजी को ही बड़े चाव से सब्जी के रूप में खाते है. ये गर्मी के दिनों में छत्तीसगढ़ में लगभग हर घर की पसंद है।

### शरीर के लिए फायदेमंद

विशेषज्ञओं ने बताया की सर्दी-जुखाम में खेड़ा जरी भाजी का पेय पदार्थ पीने से काफी हद तक आराम मिलता है। तासीर गर्म होने के कारण ये ठंड में काफी फायदे मंद है।खेड़ा भाजी में विटामिन ए और सी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और फास्फोरस, आयरन और कैल्शियम का भी यह बहुत अच्छा सोर्स है। अगर सर्दी जुकाम आपका पीछा नहीं छोड़ रही है तो खेड़ा भाजी का सूप बनाकर पीजिए आपको सर्दी जुकाम से जल्द ही आराम मिलेगा। इंदिरा गांधी कृषि विवि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. के.के साहू ने बताया कि गांव की जलवायु और मिट्टी की क्वालिटी और बोने के तरीके के कारण यहां के खेड़ा और चेच भाजी में काफी अंतर देखने को मिलता है। यहां के खेड़ा की डिमांड काफी ज्यादा है। क्योंकि खेड़ा का पूरा हिस्सा मुलायम और मीठा है। यहां की मिट्टी और जलवायु में क्या है इसका पूरा अध्ययन भी जल्द ही करेंगे ताकि इसकी खासियत का पता लगाया जा सके और इसकी विशिष्टता के आधार पर जीई टैग प्राप्त किया जा सके। विवि की अनुमति मिलते ही इसपर रिसर्च शुरू करूंगा। दुर्ग जिले के आमटी गांव के खेड़ा और चेंच भाजी को दूसरे राज्यों में सप्लाई किया जाएगा। इसकी अलग-अलग तरह से प्रोसेसिंग भी की जाएगी। इसके लिए गौरव साहू के स्टार्टअप के साथ सहमति भी हो गई है। जल्द ही काम भी शुरू हो जाएगा।

ग्रामीणों को 11 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा पैसा निकलने

# निकुम का नया एटीएम बंद, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|निकुम

वर्तमान में सरकार किसान सहित सभी वर्गो को सुविधा दे रही है। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों ग्राम पंचायत निकुम को पंचायती राज पुरुस्कार से तमगा पहना गया, लेकिन एटीएम की सुविधा नहीं मिलने से एटीएम कार्डधारी परेशान है। बकायदा लोगों को जिला सहकारी बैंक अंडा बैंक में एटीएम कार्ड जारी कर दिये जाते हैं और कार्ड का चार्ज भी लिया जाता है। एटीएम निकुम से 11 किमी दूर अंडा, अंजोरा, सोमनी, कोलिहापुरी में है, जिसके कारण पैसा निकालने कोसों दूर जाकर पसीना बहाना पड़ता है। निकुम में स्कूल, कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आत्मानंद स्कूल, हाटबाजार व 15 गांवों का जोन रुदा, भोथली, आलबरस, गोड़ेला, खुर्सीपार, मासभाट, आमटी, खुरसुल के प्रमुख सेटर में एटीएम सुविधा नही मिलना दुभार्ग्य है। वही एटीएमधारी उपभोक्ता व किसान लोकेश्वर साहू ने बताया कि ग्राहक सेवा केन्द्रो व लोक सेवा केन्द्रों में अन्य बैंक का पैसा लेन देन करने पर 10 प्रतिशत राशि अतिरिक्त देना आमजनों की मजबूरी बन गई है। जमा व निकासी के नाम पर जमकर लूट हो रही है।




■ ग्राहकों से सेवा केन्द्र में मनमानी लूट

ग्राहक व लोक सेवा केन्द्र से दस हजार निकालने पर सौ रुपये अतिरिक्त देना लोगो की मजबूरी बन गई।वही ग्राम निकुम के दिनेष साहू ने कहा कि ग्रामीणों को एटीएम क सुविधा मिलें। गौर हो पिछले 7 महीने पहले निजी एटीएम बंद हो गई । जबकि किसानों को धान की राशि निकालने ,कालेज के बच्चों को, व्यापारियों को लेनदेन करने एटीएम की जरुरत पड़ती है, लेकिन एटीएम मशीन की सुविधा नहीं होने से निराश होना पड़ता है। विधायक ललित चन्द्राकर को शिकायत करने के बावजूद भी एटीएम सेवा शुरू नही होना दुर्भाग्य है, जबकि पूरा एटीएम का सिस्टम लग गया, ग्राहक आकर मायूस लौट रहे।

## दिल्ली में सम्मानित होंगे दीपांजली



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकार स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका बीए अंतिम वर्ष की छात्रा दीपांजली वर्मा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मिलित होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश से 16 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से होने वाले ध्वजारोहण को साक्षात रूप से देखने का अवसर पाटन की छात्रा को मिला है। दीपांजली की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव, प्रो. बी साहू, डॉ. पुष्पा मिंज आदि ने बधाई दी।

## अंचल की खबरें

### विभिन्न खेलों के साथ मना हरेली महोत्सव



**अंडा।** ग्राम तिरगा में हरेली के दिन हरेली खेल महोत्सव मनाया गया जिसमे फुगड़ी, कबड्डी, दौड़, रस्सा कस्सी, कुर्सी दौड़ रखा गया। जिसमें ग्राम के महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया। जिसमे विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में तिरगा क्षेत्र के जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख,भूपेंद्र बेलचंदन, वरिष्ठ नागरिक हीरालाल देशमुख, घसिया राम देशमुख, घनश्याम देशमुख, पंच ददीस देशमुख, व्यायाम शिक्षक राहुल बेलचंदन व स्व. भरत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था के अध्यक्ष नवीन देशमुख, पंचशील क्लब के सदस्य, एमएस देशमुख, अंकित सारथी, गोविंद देशमुख, अज्जू यादव, नवीन ठाकुर, नीरज ठाकुर, रोहित देशमुख, शैलेश देशमुख, ऋषि देशमुख, अजय, भूपेन ठाकुर, तोमन देशमुख, राज यादव, राजा यादव, राजा देशमुख एवं समस्त ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### महिलाओं ने हरियाली तीज मिलन कार्यक्रम



**कुम्हारी ।** वार्ड क्रमांक 8 स्थित सामुदायिक भवन में वार्ड की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ नृत्य, फैशन डिजाइनर इत्यादि कलाओं का प्रदर्शन किया गया। आये हुए महिलाओं ने सभी को हरियाली तीज मिलन की बधाइयां दी। कार्यक्रम में वर्षा वर्मा, ज्योति मिश्रा, संगीता द्विवेदी, निधी राजपूत, पूजा वर्मा, प्रिया वर्मा, सीमा सेन, नीता साहू, लक्ष्मी साहू, श्रद्धा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, रिंकी सेन, ज्योति सिन्हा, नम्रता साहू, जागेश्वरी साहू, उपस्थित रही।

### जीवन में पेड़-पौधे का बड़ा महत्वः वर्मा



**सेलूद।** धान खरीदी केंद्र सेलूद में भाजपा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के जन्मदिन पर रीठा के दो पौधे का रोपण किया। वर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे और अन्य प्राकृतिक चीजों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ पौधे से ही बादल और वर्षा होने का मौसम चक्र जुड़ा हुआ है। कोरोना माहमारी के समय हमें प्रकृति के महत्व का पता चला कि प्राकृतिक चीजों के कारण ही पर्यावरण संतुलन है। प्रकृति को सजाने और संवारने के लिए इस आयोजन की जितनी भी तारीफ किया जाय बहुत कम होगा। इस अवसर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, धनराज साहू, हरप्रसाद आडिल, दिलीप साहू, दामोदर चक्रधारी, केशव वर्मा, माधव वर्मा, निक्की योगेश भाले, समीर बंछोर, केवल देवांगन, मनोज कलिहारी, रामलाल साहू, ढौर छत्रपाल सिंह राजपूत, किशन हिरवानी, बलराम वर्मा, बलराम यादव, द्वारिका प्रसाद, कुलदीप वैष्णव, मुकेश साहू , मुक्तु राम साहू आदि मौजूद थे।

### डॉ. दीप्ति सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



**कुम्हारी।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में डॉ. दीप्ति सिंह राठौड़ को नवनिर्वाचित राज्यपाल रेमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कुलपति, मुख्य अतिथि एवं नागरिकों के समक्ष पीएचडी 'विद्या वाचस्पति' उपाधि दी गई। शोध कार्य पूर्ण करने के लिए शोध निर्देशक डॉ. अनिर्बन चौधरी का मार्गदर्शन रहा एवं इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने पिता दिलीप सिंह राठौड़, माता छाया राठौड़, कुम्हारी निवासी अमर सिंह बैस जीजा, बहन नम्रता बैस एवं संपूर्ण बैस परिवार को धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया जिनके मार्गदर्शन एवं अपार सहयोग व प्रोत्साहन से यह कार्य सफल हुआ।

### मिनीमाता मूर्ति अनावरण आज, सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता स्मृति दिवस पर सतनामी समाज और ग्रामवासियों के सहयोग से मिनी माता की मूर्ति अनावरण व उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभावान महिला सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को ग्राम थनौद में किया जाएगा। इस पुण्यतिथि समारोह का आयोजन सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना के साथ ही पंथी नृत्य प्रदर्शन, अतिथि स्वागत सम्मान व आभार प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सतनाम के बिरवा लोक संस्कृति दल बरबसपुर महासमुन्द एवं सत्संग बालिका पंथी पार्टी, गुरुघासीदास नगर निकुम जिला दुर्ग द्वारा आकर्षक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, देवेंद्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, झमित गायकवाड़ उपाध्यक्ष जपं, योगिता चंद्राकर कृषि सभापति जिपं, लक्ष्मी साहू सभापति जिपं, गिरेश साहू अध्यक्ष अंजोरा मंडल भाजपा, हरेंद्र देव घृतलहरे सभापति जनपद पंचायत, जागेश्वरी देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत थनौद, दिलेश्वरी देशमुख उपसरपंच थनौद समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी थनौद उपस्थित रहेंगे।

## बिजनेस साइट

### स्वदेशी खादी महोत्सव का शुभारंभ सिविक सेंटर में, हाथकरघा व हस्तशिल्प में छूट




**भिलाई।** रक्षाबंधन की उपलक्ष्य में वेल्डेक्स ग्राउंड कला मंदिर के पास स्वदेशी खादी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिससे शहरवासियों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस प्रदर्शनी में त्योहारी गिफ्ट, हाथकरघा व हस्तशिल्प वस्तुओं की विशाल रेंज उपलब्ध है जो आगामी त्यौहार रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षक प्रदर्शनी में मेरठ की साड़ी, कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, कश्मीरी सिल्क साड़ी, सूट, लेडीज कुर्ती, लेगिंग्स, घाघरा, घरेलू उपयोगिता की वस्तुएं सहित तकरीबन 90 हजार वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे शहरवासियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 से लेकर रात्रि के 10 बजे तक है। यहां क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। हाथकरघा वस्तुओं पर 20 प्रतिशत और हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10 प्रतिशत तक की विशेष छूट का प्रावधान रखा गया।

### फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर, अंतिम 20 अगस्त तक



**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसओएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्यो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2024 (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय बेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में गदा चौक के इंदिरा गांधी स्कूल के पास चल रही है। 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी।

### आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय-ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त तक है। बीएम. प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है। जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बी.एम. आईटीआई की स्थापना वर्ष 2015 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग के लिए संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बीएम आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट-विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के नाम पर साजिश : शुक्ला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7 अगस्त को हाई कोर्ट में केविएट लगाकर बैक डेट से 2 अगस्त को युक्तियुक्तकरण करने का आदेश जारी करने को लेकर शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश पनप रहा है। शिक्षक कांग्रेस के अनिल शुक्ला ने इसे लेकर कहा इसके पीछे शासन की मंशा स्कूल शिक्षा विभाग के पदों को योजनाबद्ध ढंग से पहले आत्मानंद स्कूल को पद हस्तांतरित की गई। अब स्कूलों का युक्तियुक्त कर पदोन्नति के पदों को खत्म कर पदोन्नति से बचने तथा हजारों की तादात में बीएड एवं डीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों को नौकरी से वंचित करने की साजिश की जा रही है। यह सरकार की नई युक्ति है। शासन द्वारा जारी नीति में अनेकों प्रकार की विसंगतियां हैं। सभी शिक्षक संगठनों से अनुरोध है कि सभी एक साथ सामूहिक रूप से अति शीघ्र बैठक लेकर स्कूल शिक्षा के स्वीकृत सेटअप को ताक पर रखकर बनाई गई नीति का पुरजोर विरोध करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इसे लेकर बैठक की तैयारी है। इसमें इस विषय को लेकर चर्चा की जाएगी।

### धोबी समाज का परिचय सम्मेलन आज

**अंडा।** धोबी समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 अगस्त को आयोजित है। रायपुर के नातिन धोबीन दाई परिसर बोरिया खुर्द में दोपहर 12 बजे से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आयोजन में पूरे प्रदेश से समाज के पदाधिकारी और लोग जुटेंगे।इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्य भर से मुखिया विवाह योग्य युवत-युवतियों को लेकर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, युवा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। यह जानकारी शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने दी। आयोजन में भी दुर्ग, भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भी समाज के लोग शामिल होंगे।

### अंडर -14 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल आज



**भिलाई।** बीसीए द्वारा आगामी 11 अगस्त दिन रविवार को सुबह 09 बजे से अंडर-14 क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल लिया जाएगा। कल्याण कालेज ग्राउंड में टीम के गठन के चयन के लिए एक स्पर्धा आयोजित की गई है। इसके लिए खिलाड़ियों को सुबह 08 बजे उपस्थिति दर्ज करने कहा गया है। इस चयन स्पर्धा के ऑब्जर्वर भावेश चंद्रणा होंगे। इस चयन स्पर्धा के चयनकर्ता सुनील त्रिवेदी, एन अभिलाष एवं जावेद अख्तर होंगे। यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी।

# मेटल्स एंड मटेरियल क्विज, तीन टीमों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर

## अगले चरण की प्रतियोगिता 20 एवं 21 सितंबर को कलपक्कम में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेटल्स (आईआईएम) भिलाई चैप्टर ने उच्चतर माध्यमिक (11वीं एवं 12वीं कक्षा) विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए मेटल्स एंड मटेरियल क्विज़ 2024 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी रखरखाव एवं उपयोगिताएं असित साहा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से बीएसपी अधिकारी सौम्या गंगोपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवी शंकर ने की। क्विज प्रतियोगिता में दुर्ग-भिलाई एवं रायपुर अंचल के 16 विभिन्न विद्यालयों से आई हुई 45 टीमों ने भाग लिया, जो इस वार्षिक आयोजन में अब तक की सर्वाधिक प्रतिभागिता थी। क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम लिखित चरण में अधिकाधिक अंक अर्जित करने वाली प्रथम छह टीमों को द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया। क्विज मास्टर (कोषाध्यक्ष-आईआईएम भिलाई सोपान) एसएसआरसी मूर्ति ने रोचक प्रश्नों द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान की कसौटी पर परखा। क्विज में उनके सहायक डॉ. सोम भारती भार्गव थे। गणक की भूमिका में सुभाष चंद्र अग्रवाल एवं बीएसएन सुरेश थे। डीपीएस भिलाई की तीन टीम एवं राजकुमार कॉलेज रायपुर की एक टीम ने द्वितीय चरण में, प्रथम चार स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया।



### तीन टीमों का चयन कलपक्कम में होने वाली स्पर्धा के लिए

आईआईएम चैप्टर द्वारा आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थी टीम को अगले चरण में राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रवेश दिया गया है। आईआईएम, कलपक्कम सोपान द्वारा 20 एवं 21 सितम्बर को प्रोफ़ेसर ब्रह्म प्रकाश मेमोरियल मटेरियल्स क्विज 2024 प्रतियोगिता आयोजित है। क्विज प्रतियोगिता के अतिरिक्त 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका विषय स्मार्ट मटेरियल : इसकी लाभ एवं हानि था।

## इक्विपमेंट चौक भिलाई में आम सभा का आयोजन

# एफएसएनएल के निजीकरण के विरोध में 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई





एफ. एस. एन. एल श्रमिक संघ के तत्वावधान में फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड के समस्त कर्मचारी संगठनों द्वारा इक्विपमेंट चौक भिलाई में आम सभा का आयोजन किया गया । इस आम सभा में श्रमिक संघ के अध्यक्ष राजू लाल श्रेष्ठ ने संबोधित करते हुए कहा कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड जैसे महत्त्वपूर्ण संस्था जो हमेशा से सरकार को लाभ देते आ रहा ऐसे उपक्रम को सरकार द्वारा बेचा जा रहा है जो कि कही से भी न्यायोचित नहीं है

कंपनी के निजीकरण के से न सिर्फ यह काम करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का अहित होगा अपितु इस के निजीकरण से सरकार एवं सेल प्लांट को भी हानि होगा । इसके निजीकरण से सेल के सभी प्लॉट में स्क्रैप की चोरी की संभावना बढ़ जाएगी जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान होगा।

कर्मचारियों के वेज रिवीजन सहित कई मांग अभी लंबित है जिस पर प्रबंधन को भी सचेत किया गया ।

श्रेष्ठ ने कहा कि सरकार ने एकतरफा निर्णय कर फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड का निजीकरण कर रही है इस निजीकरण के विरोध में और लंबित मांगों को लेकर सभी कर्मचारियों से 21अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का आह्वान किया । जिसका सभा में उपस्थित सभी कर्मचारियो ने एकमत से समर्थन किया और 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया ।

इस सभा में मुख्य रूप से अशोक कुमार, किशोर कडूस्कर, बिस्वजीत दास, अक्षय कुमार शर्मा, अर्जुन सिंग, प्रमोद राय, मो. तनवीर, राम सिगं, भुवन लाल साहू, बासुदेव राव, चेतन लाल वर्मा, अरुण मराठे एवं एफ। एस एन एल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा एक हजार रैनकोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने शनिवार को 1 हजार रैनकोर्ट का वितरण किया। वैशालीनगर विधानसभा रिकेश सेन की सामाजिक अपील पर यह रैनकोर्ट बांटे गए। एसोसिएशन ने अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ज़रूरतमंद बच्चो के लिए 1000 रेनकोट उपहार स्वरुप दिया। इसी कड़ी में भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू यूनियन के तमाम पदाधिकारियों के साथ विधायक से मिलने भिलाई के निजी होटल पहुंचे, जहां रैनकोट विधायक के सुपुर्द किया। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह रेनकोट जरुरतमंद लोगों तक विधायक के माध्यम से लोगो तक पहुंचाए जाएंगे।

इस दौरान यूनियन के संरक्षक गनी खान, प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग (पप्पी ), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव, वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला भैया, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव, धीरमण, अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# कट्टरपंथियों के खिलाफ घड़ी चौक में प्रदर्शन, शिवसेना ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की आंच भारत पर भी पड़ी है। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा बांग्लादेश में कंट्टरपंथियों के सत्ता में काबिज होने की बात सामने आई है। इसके विरोध में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को घड़ी चौक में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सुपेला चौक में एकत्रित हुए, जहां जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कट्टरपंथी संगठनों का पुतला जलाया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें बांग्लादेश से हिंदुओं की सुरक्षित वापसी की मांग की गई। शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख शिवराम के शरवानी ने कहा कि घटना दुर्भाग्यजनक है। छात्र आंदोलन का नाम पर कट्टरपंथी ने इसका संचालन किया। भारत के खिलाफ अर्नगल भड़काऊ बयान दिए जा रहे हैं। इससे भारत का सामाजिक सौहाद्र बिगड़ने की आशंका बढ़ गई है।

# पौधारोपण कर संरक्षण करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र एवं सीवी रमण यूनिवर्सिटी रीजनल ऑफिस दुर्ग के विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत राज मिस्त्री जॉब रोल के हितग्राहियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान एक वर्ष तक अपने द्वारा लगाये गए पौधों की देखभाल करने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। संस्था प्रमुख ने बताया की संस्था द्वारा गत 5 वर्षो में इस प्रांगण में अब तक लगभग 500 पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस दौरान हितग्राहियों के साथ संस्था प्रमुख सूर्य प्रकाश तिवारी, किशोर कुमार, एस दिनेश राव, धर्मेन्द्र कुमार, विजय साहू, अनिल सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।




# समूह नृत्य, कविता पाठ, ड्राइंग और आभूषणों के मॉडल्स को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में प्राचार्य भुबनेश्वरी मुख्य रूप से मौजूद थीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आदिवासी समूह नृत्य, आदिवासी बोली में कहानी, कविता पाठ, ड्राइंग एवं पेंटिंग,

- केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई में मना आदिवासी दिवस

आदिवासियों के पारंपरिक गहने, कपड़े, खिलौने, वाद्य यंत्र, आभूषण आदि का खूबसूरत मॉडल प्रस्तुत किया। इसके बाद टूरिज्म क्लब के तत्वावधान में स्नातकोत्तर शिक्षिका विज्ञान गीतू एवं जानवी खत्री ने प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को प्राकृतिक ढंग से कैसे रोका जाए? इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के टूरिज्म पर प्रकाश डाला। प्राचार्य भुनेश्वरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को वैश्विक स्तर पर विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है।







## विश्व की सबसे लंबी रेल बनाने वाली यूनिवर्सल रेल मिल में प्रोडक्शन

# संयंत्र में सेलेबल और फिनिश्ड स्टील के उत्पादन में बना नया रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



बीएसपी ने वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों अप्रैल से जुलाई 2024 तक उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र ने 1.73 मिलियन टन का सेलेबल स्टील उत्पादन किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.68 मिलियन टन था। अप्रैल से जुलाई अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन 1.56 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.48 मिलियन टन से अधिक है। संयंत्र द्वारा 1.71 मिलियन टन सेलेबल स्टील की लोडिंग तथा ग्राहकों को डायरेक्ट डिस्पैच करने हेतु 9.14 लाख टन की लोडिंग की गई, जो कि स्थापना के बाद से किसी भी अप्रैल से जुलाई की अवधि के लिए सर्वश्रेष्ठ लोडिंग है। संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 1.68 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग और डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग 8.56 लाख टन को पीछे छोड़ा। संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जुलाई की अवधि में उत्पादन के अन्य क्षेत्रों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

3.24 लाख टन लांग रेल उत्पादन कर वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 3.07 लाख टन को पार किया। विश्व की सबसे लंबी रेल बनाने वाली यूनिवर्सल रेल मिल ने 2.62 लाख टन का उच्चतम लांग रेल उत्पादन दर्ज किया जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.54 लाख टन से अधिक है। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने भी सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 63,152 टन दर्ज करते हुए, वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 53,022 टन को पार किया।



04

इटली-वियतनाम का हुस्न साथ-साथ

## लाइव इवेंट

### तीन क्वीन बनी भानेश्वरी, हाउजी में रागिनी, व्यंजन में कुंती विजेता



■ साहू समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

**भिलाई।** साहू समाज की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया। आराध्य देवी मां कर्मा महिला मंडल के बैनरतले इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहू सदन केलाबाड़ी में मां कर्मा की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू थीं। यमला साहू ने अध्यक्षता की। पूर्व मंत्री साहू ने कहा कि महिलाओं को एक दूसरे से जोड़ने का एक माध्यम ही आगे बढ़ने में मदद करता है, महिलाओं में जागरूकता आ गई है, समाज आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर तीज क्वीन भानेश्वरी साहू रहीं। दूसरे स्थान पर दामिनी साहू और तीसरे स्थान पर सरला साहू रहीं। हाउजी में प्रथम रागिनी साहू, द्वितीय यमला साहू, तृतीय आशा साहू रहीं। ब्रेड से बने व्यंजन में प्रथम कुंती साहू, द्वितीय सुलोचना साहू तृतीय नेहा साहू रहीं। बाल पासिंग स्पर्धा कृतिका साहू ने जीती। दूसरे नंबर अनिता और तीसरे पर गीता साहू रहीं। इस प्रकार मेट्रो स्टेशन गेम, लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इस अवसर पर गीतांजलि साहू, ललिता साहू, झनिक साहू, मंजू साहू, पूनम साहू, खुशबू साहू, मनीषा साहू, नीलिमा साहू, पिंकी साहू, सीमा साहू, सुनिता साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### सिंधिया नगर में बुजुर्गों ने रोपे नीम के पौधे



**दुर्ग।** सिंधिया नगर के बुजुर्गों ने छायादार नीम के पौधे रोपे। 25 से ज्यादा पौधे रोपे गए। बुजुर्गों ने सड़क किनारे, गार्डन में ये पौधे रोपे। साथ ही इसे सहेजने का संकल्प भी लिया। आयोजन में स्थानीय पार्षद अरुण सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने बताया कि पूरी कॉलोनी में 500 से ज्यादा पौधे रोपे जा चुके हैं। अब भी पौधे लगाने अभियान जारी है। बुजुर्गों ने स्वयं इसकी शुरुआत की गई है। उनके द्वारा इन पौधों को देखभाल भी की जा रही है। ताकि पूरे वार्ड को हरा-भरा रखा जा सके।

● शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी में अखंड भारत संकल्प दिवस मना

# ऋषि सुनक, सुनीता विलियम्स, कमला हैरिस ने दुनिया में भारत का परचम लहराया

एक भारत अखंडा भारत को लेकर अभियन की शुरुआत हो चुकी है। इसे लेकर अलग-अलग मंचों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भिलाई के शंकराचार्य कॉलेज में अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसे विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में भी मनाया गया। आयोजन के दौरान उन महानुभावों को लेकर चर्चा की गई, जो हैं तो भारतीय मूल के, लेकिन दुनियाभर में उनकी ख्याति है। अलग-अलग देशों में उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर एक अलग नाम बनाया और भारत का नाम रोशन किया।



**भिलाई।** शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में अखंड भारत संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। इसमें वर्तमान समय में दुनिया में विख्यात भारतीय मूल के ऋषि सुनक, सुंदर पिचाई, सत्यम नडेला, इंदिरा नुई, सुनीता विलियम्स, कमला हैरिस की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कहा गया कि इनके द्वारा आज दुनियाभर में भारता का नाम रोशन किया गया है। संकल्प दिवस को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वनाथ बोगी, इस्कॉन मंदिर के श्याम आनंद, संस्कार शर्मा, विक्रांत मिश्रा एवं महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना झा, अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर किया गया। बोगी ने विद्यार्थियों को अखंड भारत के गरिमा में इतिहास के विषय में विस्तार से बताया। वर्तमान समय में भारतीय मूल के व्यक्तियों द्वारा विश्व स्तर पर प्राप्त किए गए स्थानों की चर्चा की गई। डॉ. झा ने भारत के गौरवशाली इतिहास की ओर ध्यान आकर्षित किया। भारत की इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। डॉ. राव ने कहा कि युवाओं को अपनी उर्जा सही दिशा में प्रयोग करते हुए देश को गौरवांवित करने का प्रयास करना चाहिए। विक्रांत मिश्रा ने अपनी संस्था विवेकानंद यूथ सर्किल नामक संस्था की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मी वर्मा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, डॉ. जयश्री वाकणकर, डॉ. मालती साहू, डॉ. सुषमा दुबे, डॉ. सीमा द्विवेदी, सुमिता सिंह, सुधा मिश्रा, राजलक्ष्मी, तनुश्री चक्रवर्ती सहित अन्य मौजूद थे।

### कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनने की दौड़ में

इस समय कमला हेरीस दुनिया में एक बड़ा नाम है। वे इस समय अमेरिका में हो रहे चुनाव में राष्ट्रपति की दौड़ में सबसे आगे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प को उनसे कड़ी टक्कर मिल रही है। कमला जनवरी 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उप राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने 2020 के चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति माइक पेंस को हराया था। वे अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं। इसी प्रकार ऋषि सुनक 25 अक्टूबर 2022 से 5 जुलाई 2024 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले उन्हें 13 फरवरी 2020 से 5 जुलाई 2022 तक चांसलर ऑफ एक्सचेकर नियुक्त किया गया था। सुनीता विलियम्स की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही। वे अमेरिकी से भेजी गई अंतरिक्ष यात्रा की टीम की सदस्य हैं। 5 जून को हुई थीं। जल्द ही वे लौटने जा रही हैं।



### राष्ट्रभक्ति गीतों पर प्रतियोगिता 13 को, 20 स्कूल ले रहे भाग

■ जेसीआई का सिविक सेंटर स्थित सीए भवन में आयोजन

**भिलाई।** पिछले करीब 35 वर्षों से जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा 13 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन की तैयारी की गई है। प्रतियोगिता में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ से सभी प्रतिष्ठित स्कूल केएच मेमोरियल, एमबीवीपी स्कूल, इंदु आईटी स्कूल भिलाई, डीपीएस रायपुर, शारदा पब्लिक स्कूल रिसाली,मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, डीएवी हुडको,शंकराचार्य हुडको, महावीर पब्लिक स्कूल दुर्ग, कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर,कृष्णा पब्लिक स्कूल पुलगांव,कृष्णा पब्लिक स्कूल कुटेलाभाटा, एमजीएम स्कूल भिलाई,रॉयल किड्स स्कूल , युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, संस्कारसिटी राजनांदगांव, अजीज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, डीपीएस स्कूल,खालसा पब्लिक स्कूल, श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 सहित 20 स्कूल भाग लेंगे। संस्था के अध्यक्ष योगेश राठी ने बताया कि इस वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से सिविक सेंटर स्थित सीए भवन के सभागार कक्ष में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जिम्मेदारी मेन्टर रजनीश जायसवाल, हिमांशु देवांगन, नितेश केडिया, विशाल कटारिया, अमित मेश्राम को सौंपी गई है। इस वर्ष वन्दे मातरम में ट्विंकल पारख और प्रशंसा कटारिया मंच संचालन करेंगी। आयोजन सिविक सेंटर स्थित सीएम भवन में 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य आयोजित होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी होंगे। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विजेता पुरस्कृत किए जाएंगे।

# तिरंगा रैली निकाल स्वतंत्रता दिवस के लिए लोगों को किया जागरूक

**दुर्ग।** घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सनशाईन हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मोहन नगर थाने पहुंचे। जहां पुलिस विभाग के अधिकारियों और जवानों को देश की आजादी की बधाई दी गई। भारत माता की जय, वंदे मातरम, कौन हमारी सबकी माता, भारत माता भारत माता, हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा का जयघोष किया गया। इस दौरान शपथ दिलाई गई कि मैं तिरंगा फहराउंगा अपने स्वतंत्रता सेनानीयों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करूंगा। भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूंगा। इस अवसर पर मोहन नगर टीआई नवी मोनिका पांडेय, स्कूल की प्राचार्या नम्रता नागर, डायरेक्टर दर्शनलाल भागवानी, टीचर भावना अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।






### नव प्रवेशियों का फूलों से स्वागत



**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ के साथ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। इस समारोह में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने अतिथियों का स्वागत किया। तिलक लगाकर छात्राओं का स्वागत किया गया। अभिभावकों की तरफ से ललित साव ने कहा कि छात्राओं को यहां चयन का निर्णय निराश नहीं करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। 2047 के विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने प्रयास करने कहा। विजय गुप्ता ने कहा कि छात्राओं के करियर को श्रेष्ठ बनाने हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि मोनिका शर्मा ने किया। धन्यवाद उप प्राचार्या डॉ. निशा शुक्ला ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर कॉलेज में होने वाले कार्यों की भी जानकारी दी गई।

# प्रदर्शनी: बैगा जनजाति की जीवन शैली को उकेरा



■ नेहरूनगर आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में आयोजन

**भिलाई।** नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में बैगा आदिवासी जनजाति की जीवन शैली पर आधारित प्रदर्शनी इन दिनों चर्चा की विषय बनी हुई है। पंडरिया कवर्धा के गोपी कृष्ण सोनी ने इस कला संग्रह को सहेजा है। बीएसपी अधिकारी पवन कुमार ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। छायाचित्रों की प्रदर्शनी जनजाति जीवन शैली और उसके जीवन दर्शन को प्रदर्शित करते हैं। इसमें गोदना गोदवाती अबोध बालिका के आंखों में आंसू सहस ही आकर्षित कर रहा है। आदिवासियों के सम्मान में लगाई गई इस प्रदर्शनी को देखने हर कोई पहुंच रहा है। इस दौरान लगाई गई तस्वीरें आदिवासी जीवन के बारे में रहन-सहन, कला-संस्कृति, पारंपरिक लोक नृत्य, जीवन शैली, तीज-त्यौहार आभूषण, कला शैली, जीवन शैली के चित्रों को प्रदर्शित कर रही है। बोडा आदिवासी ओडिशा की फोटोग्राफी भी प्रदर्शनी में लगाई गई है। प्रदर्शनी तीन दिनों के लिए लगाई गई है। शाम साढ़े 5 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक इसे दर्शकों के लिए खोला गया है।


A|X
ARMANI EXCHANGE
NOW OPEN AT
AVINASH MAGNETO MALL

## सिटी इवेंट

# स्तनपान के फायदे और महत्व की दी गई जानकारी



**भिलाई।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा व्यवसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह 2024 मनाया गया। इसी कड़ी में भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस 3 में ब्रेस्टफीडिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह का उद्देश्य सभी माताओं को स्तनपान की महत्ता के प्रति जागरूक कर ब्रेस्टफीडिंग को आसान बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक टी बैठा तथा उमाशंकर परगनिहा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर राम, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संबिता पंडा, एसीएमओ डॉ कौशिक किशोर व सीनियर कंसल्टेंट डॉ माला चौधरी सहित एसएमएस 3 विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने अपने उद्बोधन में ब्रेस्टफीडिंग के महत्व, इससे सम्बन्धित सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का लक्ष्य स्तनपान के फायदों और इसकी आवश्यकताओं के विषय में लोगों को जागरुक करने के साथ ही ब्रेस्टफीडिंग को सहज बनाना है। कार्यक्रम में डॉ किशोर और डॉ माला चौधरी ने ब्रेस्टफीडिंग की बारीकियों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया। ब्रेस्टफीडिंग पर आधारित सूचनात्मक कार्यशाला और विशेषज्ञवार्ता का आयोजन किया गया। उपस्थित महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ब्रेस्टफीडिंग विषय पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस-3 की श्रुति पाण्डेय ने किया। इस वर्ष विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह का थीम क्लोजिंग द गैप ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट था। ब्रेस्टफीडिंग के विषय में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन किया जाता है।

- **स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन**

## आयोजन

# 15 अगस्त तक हर घर फहराएंगे तिरंगा, निकाली जागरूकता रैली



**भिलाई।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अहिवारा के कार्यालय नगर पालिका भवन से बस स्टैण्ड तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगो को जागरुक किया गाया। हर घर तिरंगा जागरुकता रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, पार्षद मीना जोशी, मोकेश्वरी साहू, हिमांचल शर्मा, शुभम महतो, मेनका नायडू, बसंत यादव, जागृति साहू, पन्ना लाल बंजारे, कुसमाकर साहू, इंदल ठाकुर, केदार साहू, प्रकाशचंद साहू, सूर्यप्रकाश, आकाश गोस्वामी एवं निकाय के स्वच्छता दीदी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

# विश्व आदिवासी दिवस पर पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा



**भिलाई।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा आदिवासी समाज के तत्वावधान में निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य जिलों के आदिवासी महिलाएं, पुरुष, युवतियों ने अपने-अपने पारंपरिक पर वेशभूषा में आदिवासी गीतों के साथ हाथों में तीर-धनुष लेकर हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा में नाचते-गाते शहर के विभिन्न चौक-चौराहों शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के सदस्य व पदाधिकारियों ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी।शोभायात्रा का स्वागत सेक्टर 1 चौक में समाज के सदस्यों का फूल माला व गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष मेघनाथ यादव, उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर, भोजराम डडसेना, जीवन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रिखी राम सिंहा, प्रदेश सिन्हा समाज महासचिव चंदू लाल मरकाम, भिलाई जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह साहू, डॉ आरएल साहू, प्रेमलाल निर्मलकर, सुरेश सिन्हा, दुर्ग जिला अध्यक्ष सिन्हा समाज, पुष्पेंद्र सिन्हा, भागवत सोनी, श्याम लाल नेगी, आनंद राम सिंहा दवरा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

- **आदिवासी गीतों के बीच तीर-धनुष में नजर आए**

## श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में जैन समाज का आयोजन

# तीर्थंकर के जन्म कल्याणक और पुण्यतिथि पर निकाली गई अहिंसा रैली, नाटक का मंचन आज

**भिलाई।** श्री उवसग्गहर पार्श्व तीर्थ नगपुरा में श्रावण सुदी पंचमी को 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ प्रभु का जन्म कल्याणक एवं कविकुल किरीट व्याख्यान वाचस्पति तीर्थोपकारी आचार्य देवेश श्रीमद् विजय लब्धि सूरीश्वर म सा की पुण्यतिथि उत्सवपूर्वक मनाया गया। तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया मैनेजिंग ट्रस्टी थे। पुखराज दुगड़ के मार्गदर्शन में तीर्थ परिसर में संचालित वर्धमान गुरुकूल के विद्यार्थीयों ने तीर्थ परिसर से ग्राम गनियारी तक अहिंसा रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर तीर्थ के प्रवचन सभागृह में गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ। सभा में नेमिनाथ प्रभु एवं गुरुदेव लब्धि सूरीजी म सा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर गुरुभक्त अमृत लाल राठौड़ राजनांदगांव एवं किरण गांधी अहमदाबाद ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर कई अन्य आयोजन किए गए। अनुष्ठान भी संपन्न कराए गए।



### नेमिनाथ प्रभु के जीवन चरित्र को किया याद

गुणानुवाद सभा में किरण गांधी ने नेमिनाथ प्रभु के जीवन चरित्र को स्मरण करते हुए कहा कि जैन धर्म अहिंसा का प्रर्वतक है। नेमिनाथ प्रभु जीव दया भावना से ओत-प्रोत होकर, अबोल पशु की पुकार सुनकर वैराग्य को आत्मसात कर कर्म खपाते हुए तीर्थकर पद को प्राप्त किए। श्रीलब्धि सूरिदेव का जीवन विभिन्न गुणों का भंडार है जिनेश्वर भक्ति में निमग्न गुरुदेव पहले ऐसे संत थे जो हाट बाजार में खड़े होकर प्रवचन देते थे और लाखों लोगों को धर्म से जोड़े। अनेको साहित्य, ग्रंथों का उन्होंने रचना किए। गुणानुवाद सभा में वर्धमान गुरूकूल के विद्यार्थीयो ने स्तुति, स्तवन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षिका मीना गोस्वामी, गणेश देशमुख डा. दानेश्वर टण्डन, डॉ. आदित्य उपाध्याय, डा. दिव्या रात्रे ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खिलेश साहू ने किया।

### प्रतिदिन हो रहे स्वाध्याय प्रवचन एवं साधना



**भिलाई।** दुर्ग रत्नत्रयी वर्षावास समिति द्वारा साध्वी दर्शनप्रभा श्रीजी म सा एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में एक कदम संशय से समर्पण की ओर भगवान नेमिनाथ पंचकल्याणक पर नाटिका कार्यक्रम का आयोजन रविवार सुबह 8.45 बजे से नवकार भवन ऋषभ नगर में किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। नेमिनाथ पंचकल्याणक नाटिका के कार्यक्रम प्रभारी वासुपूज्य महिला मंडल एवं श्री जिनकुशल बहुमंडल दुर्ग है। दुर्ग आदिनाथ श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं रतनात्रयी वर्षावास समिति दुर्ग के बैनर तले नवकार भवन ऋषभ नगर में मूर्ति पूजक संघ आयोजन समिति श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शिरकत करने को कहा है। इस दौरान दुर्ग की बेटी दर्शन प्रभा जी का अपने साध्वी समुदाय ज्ञान प्रभा श्रीजी चरित्र प्रभाजी के सानिध्य में दैनिक कार्यक्रमों में स्वाध्याय प्रवचन एवं प्रतिक्रमण की साधना प्रतिदिन की जाएगी।



### बच्चों ने किया गुरुदर्शन

रत्नत्रयी वर्षावास दुर्ग में जारी प्रवचन सभा में आज गिरनार मंडन नेमीनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के निमित्त उनके जीवन चरित्र पर प पू दर्शनप्रभा मसा और ज्ञानप्रभा म सा ने प्रकाश डाला तथा चारित्र प्रभा श्रीजी मसा ने जन्म कल्याणक के संदर्भ में भजन प्रस्तुत किया। कुम्हारी में संचालित विचक्षण विद्यापीठ के लगभग 100 बच्चे साध्वी मंडल के दर्शन वंदन एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे। बच्चों को म सा ने खेल खेल में धर्म व अध्यात्म से परिचित कराया तथा जीवन में धर्म के मार्ग में आगे बढ़ते हुए उच्च आदर्श स्थापित करे ऐसा आशीर्वाद दिया। रत्नत्रयी वर्षावास समिति के संयोजक अमृत लोढ़ा एवं महामंत्री कांतिलाल बोथरा ने जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों से आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने आग्रह किया।

## आयोजन

# अखाड़ाः तलवारी और डंडे की कलाबाजियों का प्रदर्शन






**दुर्ग।** बैगापारा स्थित मिनी स्टेडियम में नागपंचमी के उपलक्ष्य में अखाड़ा का आयोजन किया गया। विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पहलवानों ने तलवार बाजी, डंडा कला से लेकर अन्य कलाबाजियां दिखाई। आयोजन शहर विधायक गजेंद्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्षद शिवेंद्र परिहार, शंकर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर, उमेश यादव, दादू अहीर प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में अखाड़ा की विभिन्न टीमों ने बारी-बारी से अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन किया। आयोजन में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाली प्रत्येक टीम को स्मृति चिन्ह और 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के साथ सम्मानित किया गया। परिहार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभा में निखार आता है।

- **मिनी स्टेडियम बैगापारा में आयोजन, आसपास की कई समितियां हुई शामिल**

## संस्कृत मित्रमंडलम का आयोजन

# दो सौ छात्रों व 50 से अधिक संस्कृत शिक्षकों का आज होगा सम्मान




**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई एवं संस्कृत मित्रमंडलम के संयुक्त प्रयास से छात्रों व संस्कृत शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन आज दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आर्य समाज सेक्टर 6 किया जाएगा। बैठक के दौरान संस्कृत मित्र मंडलम की अध्यक्ष आभा चौरसिया ने कहा कि संस्कृत पर ही हमारी संस्कृति टिकी हुई है। संस्कृत के माध्यम से हम सभी को अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। मुख्य समन्वयक डॉ. अजय आर्य ने कहा आज विज्ञान आदि विषय मनुष्य को सफलता दे रहे हैं यह सच है, लेकिन मनुष्य ने मानवता का पाठ पढ़ना भुला दिया है यह पाठ संस्कृत ही पढ़ा सकती है। अनुपम उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में 20 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 50 से अधिक संस्कृत शिक्षक सम्मानित किए जाएंगे। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में 75 से अधिक प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देंगे ।कार्यक्रम के एमएम त्रिपाठी, जानकी शरण पांडे, जनेंद्र दीवान एवं अवनी भूषण पुरंग उपस्थित रहेंगे।

### मनवा कूर्मि समाज का सावन तीज आज

**भिलाई।** मनवा कूर्मि महिला समाज नगर इकाई दुर्ग द्वारा शंकर नगर कूर्मि भवन दुर्ग में आज दोपहर तीज महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माया वर्मा एपीसी रायपुर होंगी, विशेष अतिथि डॉ मंजू वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर रायपुर, डॉ मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ दुर्ग व सत्यवती वर्मा एमआईसी दुर्ग शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलारी वर्मा राज प्रधान दुर्ग करेंगी।कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, गायन, नृत्य के अलावा विविध मनोरंजक गतिविधियां रखी गई है। दुर्ग नगर इकाई अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी तथा संरक्षक किरण वर्मा ने अधिक संख्या में महिलाओं को तीज उत्सव में शामिल होने को कहा है।

## इंजीनियरिंग की सबसे भरोसेमंद ब्रांच है मैकेनिकल, हर फील्ड में इसकी जरूरत

# प्रदेशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू, पहला अलॉटमेंट 14 अगस्त को आएगा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू हो गई। अब 14 अगस्त को सीटों पर पहला आबंटन जारी होगा। इससे पहले छात्रों के मन में ब्रांच सलेक्शन को लेकर काफी दुविधा है। कंप्यूटर साइंस ब्रांच इस समय बूम पर है, लेकिन उतना ही क्रेज मैकेनिकल का अभी भी बरकरार है। देश-विदेश की शीर्ष मल्टीनेशनल कंपनियां मैकेनिकल ब्रांच में माहिर छात्रों को बड़े पैकेज पर हायर कर रही हैं। मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में आप इंजीनियरिंग के सबसे विस्तृत क्षेत्रों में कदम रखेंगे। मैकेनिकल इंजीनियर के लिए उद्योग के हर क्षेत्र में नौकरी है। इंजीनियरिंग को कॅरियर बनाने की चाह रखने वाले यूथ का यह फेवरेट सब्जेक्ट मानी जाती है। यह विषय उनका भी फेवरेट हैं, जिन्हें मशीनों से प्यार है या जो कुछ न कुछ नया इनवेंट करने का जुनून सवार रखते हैं। भिलाई के कॉलेजों में मैकेनिकल ब्रांच में दाखिला लेने के लिए कॉम्पीटिशन हर साल टफ रहता है। इस बार भी मोर देन हायर कॉम्पीटिशन की उम्मीद है। जानते हैं मैकेनिकल के स्कोप।



**ऑटोमोटिव इंजीनियरः** मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद, आप इस क्षेत्र में वाहनों के डिजाइन, प्रोडक्शन और डेवलपमेंट के क्षेत्रों में काम करने का विकल्प चुन सकते हैं। निकास, हाइड्रोलिक्स, वायुगतिकी, उत्सर्जन के सिस्टम में सुधार की जिम्मेदारियों को संभालने के साथ-साथ वित्तीय और कॉस्ट मैनेजमेंट का का काम किया जा सकता है।

**एयरोस्पेस इंजीनियरः** मैकेनिकल इंजीरियर के तौर पर एक एयरोस्पेस इंजीनियर के रूप में काम करते हुए आप विमान, उपग्रह, हथियार प्रणाली, मिसाइल आदि के डिजाइन और मैकेनिकल सिस्टम के निर्माण और सुधार में काम करते हैं। इसके अलावा, कोई भी विमान के विशिष्ट घटक में विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर विमान दुर्घटनाओं की जांच में भी काम करते हैं। इस क्षेत्र में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए एक एडवांस्ड डिग्री के साथ-साथ कुछ वर्षों के उद्योग के अनुभव के कॉम्बिनेशन की जरूरत होती है।

### मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम्स इंजीनियर

कई इंडस्ट्रीज में मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस सिस्टम और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में कॅरियर बनाने के लिए कई तरह के अवसर प्रदान करती हैं। कंपनियों में मशीनों की देखरेख से लेकर कच्चे माल की गुणवत्ता की जांच, माल की बर्बादी की जांच और कई अन्य जिम्मेदारियां होती हैं।

### इंजीनियरिंग सलाहकार

मैकेनिकल इंजीनियरिंग सलाहकार बड़े पैमाने पर परियोजनाओं के प्रभारी होते हैं, जिनमें कोर इंजीनियरिंग और प्रबंधकीय कौशल दोनों का भारी उपयोग शामिल होता है। इन्हें प्रोजेक्ट इंजीनियर के तौर पर भी काम दिया जाता है।

### न्यूक्लियर इंजीनियर

एक परमाणु इंजीनियर के रूप में सेवा करते हुए आप एफिशिएंसी और स्टेबिलिटी बनाए रखने के लिए परमाणु ऊर्जा प्लांट के डिजाइन और रखरखाव के लिए काम करते हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सुपरविजन, ऑपरेशनल समस्या को हल करना आदि शामिल हो सकता है। इस फील्ड में परमाणु इंजीनियर भी अक्सर सरकार के संपर्क में रहते हैं। बीते कुछ वर्षों में मैकेनिकल इंजीनियर्स की डिमांड जोरों पर है। टाटा सहित सभी बड़ी कंपनियां फ्रेशर और अनुभवियों को हायर कर रही है। मैकेनिकल ऐसी सदाबहार फील्ड है, जो हमेशा ही बूम पर बनी रहेगी। नए उद्योग के साथ सभी उद्योगों में इनकी जरूरत पड़ती है।

सोनल रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज

## सिटी स्पोर्ट्स

### देश भर की सिंधी प्रतिभाओं को मंच देने अखिल भारतीय सिंध शतरंज प्रतियोगिता आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा पूरे देश के सिंधी समाज की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाया जा रहा है। इस कड़ी में झूलेलाल धाम श्याम नगर रायपुर में 11 अगस्त रविवार को सिंधी समाज के देशभर के शतरंज के प्रतिभागी इकट्ठे हो रहे हैं।जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश के प्रतिभागी भी रायपुर पहुंच चुके हैं। उनके रहने खाने की व्यवस्था छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज व अनिल लाहौरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा यह प्रयास पूरे देश भर में रह रहे सिंधी समाज के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए किया जा रहा है ताकि उन्हें एक उचित मंच प्रदान किया जा सके। जिससे वह इस क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण कर सकें उन्हें हर तरह से प्रोत्साहन छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा दिया जाएगा। अब तक 250 प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होने हेतु आवेदन दे चुके हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए महेश दरयानी, सुभाष बजाज, अनिल लाहोरी, अमर चंदनानी, विनेश दौलतानी, परेश बुधवानी, गिरीश लहेजा और राजू चंदनानी आदि सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। रविवार 11 अगस्त को सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्वलन से आयोजन की शुरुआत होगी और शाम को प्रतियोगिता का निर्णय आने के बाद पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### कराते में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी रायपुर की दिलेर बेटियां



**रायपुर।** कराते इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से आगामी 16 से 18 अगस्त को इंदौर में वेस्ट जोन नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में रायपुर कबीरनगर की पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कराते कोच पद्मा ब्यौहार ने बताया कि विगत 28 जुलाई को भिलाई स्थित सेक्टर 9 के महिला महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ के कराते खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता द्वारा किया गया, जिसमें सिद्धि साहू (कुमिते 54 किग्रा), कल्पना साहू (कुमिते 42 किग्रा), वेदिका अपराजित (कांता एवं टीम कांता), श्रीजल वर्मा (कांता एवं टीम कांता) तथा साक्षी श्रीवास्तव (जूनियर टीम कांता) का चयन हुआ है। यदि इनका चयन इंदौर में हो जाता है तब इन्हें दिल्ली में होने वाले इंटरजोन नेशनल चैंपियनशिप में खेलने का अवसर मिलेगा।

### इंटर स्टेट क्रिकेट में पुदुच्चेरी पहुंची छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इंटर स्टेट अंडर-19 मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 11 अगस्त 2024 से क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा पुदुच्चेरी में आयोजित इंटर स्टेट अंडर-19 मल्टी डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 में हिस्सा लेगी। टीम में नारायणपुर से यश कुमार वरदा, महासमुंद से आदित्य कुमार, भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन से गर्व कुमार सिंह, साहिल रजत शरीफ कैप्टन, आलोक गुप्ता, कुमार ईशान, भिलाई स्टील प्लांट से प्रथम याचक, आलोक कुमार, बिलासपुर से भूपेंद्र कुमार यादव उपकप्तान, विवेक यादव विकेटकीपर, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, अंकित कुमा,र रायपुर से राकेश कुमार, बस्तर से रुद्र प्रताप और दुर्ग से निखिल शर्मा शामिल है। पुदुच्चेरी री में 11 और 12 अगस्त छत्तीसगढ़ विरुद्ध पुदुच्चेरी, 14 और 15 अगस्त को छत्तीसगढ़ विरुद्ध पुदुच्चेरी और 17 और 18 अगस्त को छत्तीसगढ़ विरुद्ध विदर्भ मैच होगा। प्रतियोगिता का फाइनल 20 और 21 अगस्त को खेला जाएगा।



### जूडो में शामिल हुए 120 खिलाड़ी



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर , देवेंद्र नगर रायपुर में जिला स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता हुई। जिसमें धरसींवा , आरंग , अभनपुर और तिल्दा विकासखण्ड के 120 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। जूडो प्रतियोगिता में 14,17,19 आयु वर्ग के कुल 52 भार वजन में बालक/बालिका ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक पुरंदर मिश्रा एवं बालाजी स्कूल के अध्यक्ष जी स्वामी ने किया । सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 17 अगस्त को क्षेत्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में रायपुर जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

बारिश बच्चों के लिए लाती है मुसीबत भी

# इस मौसम में बच्चों में दिख रहे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकती है समस्याएं

बारिश के इस मौसम में कब्ज की समस्या सबसे ज्यादा बच्चों को होती है, क्योंकि वे अक्सर पोषण से भरपूर आहार से दूर भागते हैं और बाहर की चीजों का ज्यादा सेवन करते हैं। अक्सर लोगों को लगता है कब्ज बड़ों की बीमारी है लेकिन ऐसा है नहीं, छोटे बच्चों का जब पेट साफ नहीं होता, आंतों में खाना चिपक जाता है और पेट फूलने भी लगता है, तब उसे कब्ज की दिक्कत होती है। इसके पीछे कोई उम्र या एक कारण नहीं है। पेट या लिवर की समस्या, पानी कम पीना, अस्वस्थ भोजन करना, तली हुई चीजों का सेवन या फिर मैदा या जंक फूड पेट में जल्दी हजम नहीं हो पाते। ऐसे में वे अंदर की गंदगी बनकर जमा होने लगते हैं और फिर स्टूल पास करने में दिक्कत होती है। कई बच्चों की पाचन शक्ति बचपन से ही कमजोर होती है, इस वजह से भी यह परेशानी आती है। इसके अलावा कई और कारण भी इसमें शामिल हो सकते हैं, आजकल बच्चों को पढ़ाई का स्ट्रेस बहुत ज्यादा है, ऐसे में बाहर खेल कूद और एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं मिलता और यह बीमारी पनपने लगती है।

इसमें पेट में दर्द, पेट टाइट रहता है। स्टूल पास नहीं होता। सिर में दर्द, बदहजमी, पैरों में दर्द और पेट में गैस या एसिडिटी बनी रहती है।



### उपाय भी जान लें

अगर आप बच्चे को रोजाना गुनगुने दूध में एक केला मिलाकर दें तो उसका पेट साफ रहेगा। इसके अलावा दूध में हल्दी या शहद डालकर बच्चे को पिलाया जाए तो भी उसका पेट साफ होगा और स्टूल भी आसानी से हो जाएगा। बच्चों को सुबह या फिर दोपहर के भोजन में एक कटोरी भरकर सलाद या फल जरूर खिलाएं। ओट्स, मिलेटस की रोटियां, सूप, ईसबगोल आदि खाद्य पदार्थों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, इसलिए इनको बच्चों के आहार में अवश्य शामिल करें। आप रोजाना सुबह भीगी अंजीर या बादाम भी दूध में मिलाकर या फिर ऐसे ही बच्चे को दे सकती हैं। चाहें तो अंजीर को उबाल कर भी दे सकती हैं। इससे कब्ज में राहत मिलती है। जानकारों के अनुसार, बच्चों को रात में त्रिफला का चूर्ण पानी के साथ देने से भी उनका पेट साफ होता है और पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है।

### घी या तेल की मालिश

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रमाकांत द्विवेदी कहते हैं, जिन बच्चों की जठराग्नि बचपन से ही मंद होती है, उनकी पाचन क्रिया धीमी होती है और मल त्याग करने में दिक्कत आती है। अगर ऐसा है तो इस में घी या तेल की मालिश बहुत ही कारगर है, पेट या नाभि के आस-पास क्लॉक वाइज मालिश करने से आंतें खुलती हैं और स्टूल ढीला होता है, इसके अलावा गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने को दे सकती हैं और इसमें सिकाई भी बहुत काम आती है। कई बार बच्चे ज्यादा कुछ करना या खाना नहीं चाहते, ऐसे में पेरेंट्स को ही उसके उपाय करने होते हैं।



### कुछ बातों का खास ख्याल

व्यायाम करने से पाचन में मदद मिलती है और बिना किसी दिक्कत के पेट आसानी से साफ होता है। बच्चे के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट तक कोई फिजिकल एक्टिविटी या एक्सरसाइज करना जरूरी है। आप वॉकिंग, खेलना, योग, दौड़ना, डांस या एरोबिक्स आदि करा सकती हैं। दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स से बच्चे को थोड़ा दूर रखें। मैदा, बाहर की चीजें, तेल, पिज्जा बर्गर, ये सारी चीजें आंतों में चिपक जाती हैं, इसलिए बच्चे के आहार को इनसे मुक्त रखें। बच्चों को खाने में ज्यादा फैट न दें, विटामिन युक्त भोजन ही दें। अगर लंबे समय तक यह समस्या बनी रहती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

---



## चैन की नींद के लिए इन चीजों से रहें दूर

वास्तु की मानें तो हम जिस वातावरण में सोते हैं वह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तु के प्रमुख पहलुओं में से एक यह है कि आप सोते समय कुछ वस्तुएं अपने आस-पास या सिरहाने न रखें।

दरअसल ऐसा माना जाता है कि सोते समय आपके आस-पास रखी चीजें नींद में बाधा बनती हैं और आपको वास्तु दोषों का सामना भी करना पड़ता है। सोते समय आपका आस-पास का वातावरण शांत होना छाइये और आपके पास माध्यम रोधनी होनी चाहिए जिससे किसी तरह का दुष्प्रभाव न पड़े। ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी बता रहे हैं वास्तु के अनुसार आपको कौन सी चीजें अपने आस-पास नहीं रखनी चाहिए।

### सोते समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पास न रखें

वास्तु-अनुरूप बेडरूम का माहौल बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उस स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रबंधन करना है। स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट विद्युत चुम्बकीय विकिरण उत्सर्जित करते हैं, जो आपकी नींद के पैटर्न को बाधित कर सकते हैं और आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार इन उपकरणों को सोने वाले स्थान से दूर



रखना चाहिए। इन गैजेट्स द्वारा उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र आपके घर में वास्तु दोष का कारण माना जाता है।

### सोते समय किताबें और जरूरी कागजात न रखें पास

हम अक्सर किताबें पढ़ते हुए सो जाते हैं और ये हमारे सोने के स्थान पर रखी रहती हैं। यदि हम वास्तु की मानें तो आपको किताबें कभी सोने वाले स्थान के आस-पास नहीं रखनी चाहिए। यही नहीं आपको कोई भी जरूरी कागज़ जैसे कोई बिल या फिर ऐसा कोई कागज़ जिसमें आपके काम का कोई भी नोट लिखा हो उसे आस-पास नहीं रखना चाहिए। इससे वास्तु दोष होता है। इससे आपकी नींद में बाधा आती है और बौद्धिक विकास में भी बाधा आती है।

### सोते समय नुकीली चीजें न रखें आस-पास

आपको कभी भी सोने के स्थान पर कैंची, चाकू और अन्य नुकीली चीजें नहीं रखनी चाहिए। वास्तु शास्त्र इन वस्तुओं को नकारात्मक ऊर्जा के स्रोत के रूप में देखता है जो आपके जीवन में तनाव और चिंता पैदा कर सकते हैं। अपने बिस्तर के पास नुकीली वस्तुएं रखना प्रतीकात्मक रूप से आपके जीवन में संभावित संघर्षों या बाधाओं का प्रतिनिधित्व कर सकता है।



---

## क्या घर में रख सकते हैं पाञ्चजन्य शंख?

पाञ्चजन्य शंख को विजय, शक्ति और धर्म का प्रतीक माना जाता है। यह सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है। अब ऐसे में पाञ्चजन्य शंख को घर में रखा जा सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं या नहीं ?

हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है। पाञ्चजन्य शंख को घर में रख सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार शंख को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में रखें। इससे व्यक्ति को वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए अगर आप घर में पाञ्चजन्य शंख को रख रहे हैं, तो विधिवत रूप से पूजा-पाठ करने के बाद ही रखें।

### पाञ्चजन्य शंख का महत्व क्या है?

पाञ्चजन्य शंख को घर में रखने से वास्तु दोष से छुटकारा मिल जाता है। वहीं इस शंख को बजाने से व्यक्ति के घर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही पारिवारिक कलह-क्लेश से भी मुक्ति मिल जाती है। पाञ्चजन्य शंख को भगवान विष्णु का चिह्न बताया गया है। इसलिए ऐसी मान्यता है कि इसे घर में रखने से व्यक्ति के ऊपर श्रीहरि की कृपा बनी रहती है। इसके साथ-साथ माता लक्ष्मी की कृपा भी बरसती है। साथ ही आर्थिक तंगी से भी छुटकारा मिल जाता है। इसलिए पाञ्चजन्य शंख को घर में रख रहे हैं, तो उसकी विधिवत पूजा करने के बाद ही रखें।



## तनाव दूर करने आपके लिए मददगार होगी चिन्मय मुद्रा



यूं तो हम सभी हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहना चाहते हैं। लेकिन, फिर भी न चाहते हुए, तनाव कहीं न कहीं से आकर हमें घेर लेता है। आपको एक ऐसी मुद्रा के बारे जानना चाहिए, तो तनाव दूर करने के साथ, शरीर को अन्य कई फायदे भी पहुंचाती है। इसे करने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी योगा टीचर दिलराज प्रीत कौर दे रही हैं।

### तनाव कम करने के लिए

इसे करने के लिए सबसे पहले सुखासन में बैठ जाएं।आप इसे वज्रासन में बैठकर भी कर सकती हैं। अब अपने अंगूठे की टिप से इंडेक्स फिंगर की टिप को छुएं।इससे एक सर्किल बनेगा। बाकी तीन उंगलियों को हथेली की तरफ मोड़ें।हाथों को जांघों पर टिका लें।ऐसा करते हुए, गहरी सांस लें और छोड़ें।

### चिन्मय मुद्रा को करने के फायदे

इसे करने से फोकस में सुधार होता है। यह मुद्रा, लाइफ एनर्जी यानी प्राण के प्रवाह को शरीर की तरफ बढ़ाती है। इससे फोकस और मेंटल हेल्थ में सुधार होता है। इसे करने से दिमाग शांत होता है, एंग्जायटी और स्ट्रेस दूर होता है। इसे करने से कमजोरी दूर होती है और शरीर में एनर्जी बढ़ती है। इस मुद्रा को करने से आपको मन में शांति महसूस होती है और मेडिटेशन करना आसान होता है। इसे करने सेडाइजेशन सुधरताहै और न्यूट्रिएंट्स का अब्जॉर्बशन अच्छा होता है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह मुद्रा शरीर को पांचों तत्वों को बैलेंस करने में मदद करती है। जिन लोगों को नींद आने में मुश्किल होती है, उन्हें इसे जरूर करना चाहिए।

---

कार्नर न्यूज

महीने के आखिरी में बजट से बाहर खर्च होना आमबात, करें इसमें सुधार

# चाहकर भी नहीं कर पा रहे बचत तो अपनाएं ये तरीके, हर महीने दिखने लगेगा बदलाव

सेविंग्स करना आज के समय काफी ज्यादा जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको बताने वाले है कि आप कैसे आसानी से सेविंग्स कर सकती हैं। सेविंग्स करना आज के समय में हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन कई बार यह मुश्किल हो जाता है। चाहे आपको कितनी भी कोशिश करनी पड़े, लेकिन आप महीने के अंत में अपने बजट से बाहर निकल जाते हैं। अगर आप भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो चिंता न करें। यहां हम आपको कुछ मजेदार तरीका बताने वाले हैं जिसकी मदद से आप आसानी से सेविंग्स कर सकती हैं।




### वीक सेविंग चैलेंज

वीक सेविंग चैलेंज आपको लेना चाहिए। इसके लिए आपको टारगेट बनाना होगा कि आपको एक वीक में कितना पैसा खर्च करना है। अपने टारगेट के अनुसार ही आपको पैसे खर्च करने होगे। ऐसे में आप काफी पैसे बचा सकती है। वीक में अगर आपने 500 रुपये का टारगेट लिया है तो आपको उतने में ही एक सप्ताह चलाना होगा। इससे आपके काफी पैसे बच सकते हैं।

### बजट बनाएं और खर्च करें

आपको बजट बनाना होगा कि हर महीने कितने पैसे राशन के लिए निकालना है और कितने पैसा बचाना है। अगर आप यह फोलो करती हैं तो ही आप अपने पैसे बचा सकती हैं। कई बार हम ऐसी चीजों पर खर्च कर देते हैं जिसकी जरूरत नहीं होती है। ऐसा नहीं करना चाहिए ऐसा करने से आपके काफी पैसे बर्बाद हो सकते हैं।

### क्रेडिट कार्ड का ना करें इस्तेमाल

क्रेडिट कार्ड का अगर आप भी करती है इस्तेमाल तो आपको इसकी आदत नहीं लगाना चाहिए। कई लोग क्रेडिट कार्ड के बदौलत काफी खरीदारी कर लेते हैं लेकिन बाद में वह सही समय पर पैसे नहीं चुका पाते हैं। ऐसे में क्रेडिट कार्ड कंपनी आपसे काफी पैसे वसूलती हैं। अगर आपको सेविंग्स करनी है तो आपको क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से बचना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# क्रिस हेम्सवर्थ ने अपने बच्चों को दिया क्यूट हेयर स्टाइल

हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ ने अपने दस वर्षीय जुड़वां बेटों, साशा और ट्रिस्टन को नया हेयर स्टाइल दिया है, इस पल को क्रिस ने अपने कैमरे में कैद किया



और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

मार्वल सुपरहीरो थॉर के नाम से मशहूर अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ ने कई फिल्मों में शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। लेकिन अवेंजर्स की फिल्मों में 'थॉर' के किरदार से क्रिस विदेश में ही नहीं बल्कि हर एक देश में प्रसिद्ध हो चुके हैं। क्रिस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपने दोनों जुड़वा बेटों की तस्वीर और वीडियो साझा की हैं, जिसमें दोनों ही बच्चे नए हेयर स्टाइल में नजर आ रहे हैं। यही नहीं बल्कि क्रिस ने अपने दोनों जुड़वा बच्चों के हेयरकट की जिम्मेदारी भी खुद पर ली है।

फोटो में क्रिस के दोनों बेटे साशा और ट्रिस्टन बहुत ज्यादा उत्साहित दिख रहे हैं। दोनों इस नई हेयर स्टाइल में बेहद क्यूट दिख रहे हैं। क्रिस ने इस पोस्ट पर एक मजाकिया कैप्शन लिखा, ₹हेयरड्रेसिंग हमेशा से मेरा सच्चा जुनून रहा है।₹ अब क्रिस की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया पर लगातार सेलेब्स और नेटिजन्स कमेंट कर अपनी राय साझा कर रहे हैं। रेडियो स्टार लॉरेन फिलिप्स ने लिखा, ₹हेम्सवर्थ सिजरहैंड्सर₹। इस्ला फिशर ने लिखा, ₹हाहाहाहाहा।₹ वहीं क्रिस के एक प्रशंसक ने लिखा, ₹यही कारण है कि थॉर रो रहा था₹ एक और फैन ने लिखा, ₹सौभाग्य से उनके लिए, भयानक बाल कटाना नया फैशन है।₹

क्रिस का पूरा नाम क्रिस्टोफर हेम्सवर्थ है।

### टॉलीवुड

# फहद फासिल ने दिया सरप्राइज, 'वेट्टैयन' से फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म अक्तूबर के महीने में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही



फहद फासिल भी दमदार किरदार से दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। मॉलीवुड स्टार फहद आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर निर्माताओं ने फिल्म का इंतजार कर रहे प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'वेट्टैयन से फहद का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हो गया है। मॉलीवुड पावरहाउस के जन्मदिन के विशेष अवसर पर, उनकी आगामी तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट-लुक पोस्टर साझा किया। अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, निर्माताओं ने लिखा, 'टीम वेट्टैयन हमारे प्रिय फहद फासिल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देती है। आपकी कलात्मकता और समर्पण चरित्रों को जीवंत कर देते हैं। यह वर्ष और भी अधिक अविश्वसनीय भूमिकाएं और सफलता लेकर आए।'नए पोस्टर में फहद फासिल मुस्कुराते हुए और किसी की ओर हाथ हिलाते हुए नजर आ रहे हैं। हरे रंग की फूलों वाली शर्ट पहने हुए, अभिनेता के नए लुक ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है, क्योंकि वह पहली बार सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देने वाले हैं। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, फहद 'वेट्टैयन' में एक हास्य भूमिका निभाएंगे। अपनी गंभीर भूमिकाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले अभिनेता पुलिस एक्शन ड्रामा में एक अलग अवतार में दिखाई देंगे। उनका मजाकिया किरदार आमतौर पर तमिल फिल्मों में निभाई जाने वाली खलनायक भूमिकाओं से अलग होगा।

### छॉलीवुड

# 'खुशियों की हरेली' ने किया भावुक, दिया सार्थक संदेश

हाल ही में हरेली त्यौहार के मौके पर रिलीज हुई लघु फिल्म 'खुशियों की हरेली' को लोगों ने खूब पसंद किया। इस लघु फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता



विनायक अग्रवाल का कहना है कि यह केवल एक फिल्म नहीं है बल्कि यह हमारे यहां मनाए जाने वाले त्योहार के रीति रिवाज को भी दर्शाता है साथ ही साथ शासन के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अपने सपने पूरा करने हेतु पलायन को रोकते हुए उनके सपनों को पूरा करने जैसे सामाजिक दायित्व को भी पूरे होते दिखा रहा है। विनायक अग्रवाल का कहना है कि इस लघु फिल्म में खास तौर पर त्यौहार के दिनों में माता-पिता की उन भावनाओं को दर्शाया गया है जब उनके बेटा अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपना घर परिवार गांव छोड़कर कहीं और रहने लगा है। तब मां-बाप अपने बेटे के साथ बिताये क्षणों को याद करते है तो दुख और क्षोभ से मन व्यथित हो जाता है और तब माता पिता फैसला लेते है और अपनी संतान के सपने को पूरा करने संघर्ष करने आगे बढ़ कर इसमें सहयोगी बनते हैं। विनायक अग्रवाल के मुताबिक इस लघु फिल्म में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की ठेठ घोषणा नहीं की गई है बल्कि त्योहार के पारंपरिक रीति रिवाज के साथ-साथ परिवार के रिश्ते के मार्मिक क्षणों को दर्शाते हुए कुशलता के साथ सरकार की घोषणा को विज्ञापित करने का प्रयास किया गया है।

## इटली-वियतनाम का हुस्न साथ-साथ




मिस यूनिवर्स इटली 2021 कैटरिना डि फूशिया ने पिछले दिनों वियतनामी मॉडलों के साथ रैम्प में भागादारी दी। मौका था वियतनामी-इटली राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ पर इतालवी शहर वेनिस में प्रसिद्ध डिजाइनर होआंग हाई द्वारा आयोजित फैशन शो का। वियतनामी डिजाइनर के इतालवी फैशन शो में विदेशी सुंदरता और निखर कर आई है। शो की शुरुआत "आर्मोनिया" थीम के साथ हुई और इसमें 2018 की शीर्ष-5 मिस यूनिवर्स एच'हेन नी (बाएं) और मिस यूनिवर्स इटली 2021 कैटरिना डि फूशिया (दाएं) ने साथ-साथ अपने जलवे बिखेरे।

# केले से आपके चेहरे को मिलेगा इंस्टेंट ग्लो

लगातार बदल रहे मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ रहा है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का खास ध्यान रख रहे हैं। इसके लिए बहुत से लोग स्किन ट्रीटमेंट के लिए पार्लर भी जाते हैं। पार्लर में मिलने वाले स्किन ट्रीटमेंट से ग्लो तो आ जाता है लेकिन इसका असर कुछ लिमिटेड समय के लिए ही होता है। केले से स्किन केयर में आपके ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं होंगे और आपको दमकता चेहरा भी मिल जाएगा। केले की मदद से इन फेसपैक को बनाना बेहद आसान है। इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले से पहले केले को मैश कर लें। इसके बाद इसमें 1 चम्मच नीम का पाउडर या पेस्ट डालें। साथ ही 1 छोटा चम्मच हल्दी भी मिक्स कर लें। अब इस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसी तरह एक और फेस पैक के लिए केले को मैश कर लें, फिर इसमें खीरा और पपीता भी मैश करके डालें। अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।



### केले और दही का फेस पैक-

एक पका हुआ केला लें और उसमें दही मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें. ऐसा करने से सन टैन दूर हो जाता है। इससे चेहरा भी तरोताजा और चमकदार हो जाता है। इससे त्वचा को नमी मिलती है और त्वचा का रूखापन दूर होता है। आपको इसे लगाने के बाद स्किन सॉफ्ट महसूस होती है।

### केला और शहद-

जैसा कि हम जानते हैं कि केले और शहद में कई पोषक तत्व होते हैं, एक कटोरे में केला लें और टुकड़ों में काट लें। केले में एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिला लीजिए। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 20 मिनट तक सूखने दें और फिर चेहरे और गर्दन को ठंडे पानी से साफ कर लें।

# स्लिम लुक के लिए अपनाएं सिल्क साड़ी के नए डिजाइंस




किसी भी त्यौहार, शादियों और अन्य अवसर महिलाओं के लिए बेहद खास होते है। ऐसे मौके पर ज्यादातर साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। ऐसे खास दिन अपने लुक को सबसे अलग रखना चाहती हैं तो सिल्क डिजाइन की साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी।

### फुल वर्क बनारसी सिल्क साड़ी



लैवेंडर कलर आजकल काफी चलन में है और इस सिल्क साड़ी को डिजाइनर जरी बनारस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोल्डन या ग्रीन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क सिल्क साड़ी

मिनिमल डिजाइन की सिल्क साड़ी को स्टाइल करना चाहती हैं तो यह चौड़े बॉर्डर वाली यह साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस खूबसूरत सिल्क साड़ी को डिजाइनर ब्रांड सोहो बेगम द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी के साथ आप टेम्पल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों में बन हेयर स्टाइल बनाकर गजरे की मदद से आकर्षक लुक दे सकती हैं।

### पटोला डिजाइन सिल्क साड़ी

अगर आप कम वजन में भरी हुई साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके की प्रिंटेड पटोला साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर ब्रांड डी संस पटोला आर्ट द्वारा डिजाइन की गई है। इस तरह की साड़ी के साथ आप सिंपल स्लीक हेयर बन बना सकती हैं। साथ ही ज्वेलरी के लिए आप कानों में झुमकी इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

### सिल्क डिजाइन साड़ी

क्लासी और एवरग्रीन लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके की सिल्क साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी।

# ब्लाउज सिलवाने से पहले टेलर को बता दें ये बातें, हमेशा सही आएगी फिटिंग

साड़ी हो या लहंगा अगर ब्लाउज अच्छे से सिला हुआ नहीं है, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसे लेकर कई बार आपको परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। कई बार फिटिंग खराब होने के कारण वार्डरोब मालफंक्शन होने का खतरा भी बना रहता है। हालांकि, टेलर के पास ब्लाउज सिलवाने देने से पहले भी आपके पास कई तरीके होते हैं जिनकी मदद से आप ब्लाउज की फिटिंग ठीक करवा सकती हैं। आपको ब्लाउज सिलवाने से पहले टेलर को कुछ इंस्ट्रक्शन देनें होंगे और डिजाइन सिलेक्ट करने से पहले भी ध्यान देना होगा।

### नेकलाइन डिजाइन के हिसाब से कितनी डीप चाहिए

कई बार महिलाएं इसका फैसला टेलर पर ही छोड़ देती हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए, हो सकता है कि आपने बैकलेस या फिर डीप नेकलाइन वाली कोई डिजाइन चुनी हो, लेकिन आपकी बॉडी के हिसाब से उसके मेजरमेंट बदल गए हों। आपने जो भी शेप चुना हो फ्रंट और बैक नेक कितना डीप होना चाहिए



और कितने में आप कंफर्टेबल हैं इसकी जानकारी जरूर दें।

### स्लीव्स की फिटिंग कम से कम दो बार करवाएं

आर्महोल से लेकर स्लीव्स के फुल डायामीटर तक, कई बार सिर्फ सिंगल फिटिंग लेने की वजह से यह ज्यादा टाइट या फिर ढीली हो जाती हैं। आपको यही नहीं करना है और अपनी फिटिंग कम से कम दो बार करवानी है। स्लीव्स की फिटिंग करवाते समय कम से कम आधे सेंटीमीटर का मार्जिन भी रखवाएं।

# चंद दिनों में होगी मोटी और घनी आई ब्रो

कई महिलाएं आई ब्रो को घना बनाने के लिए माइक्रोब्लेडिंग और लेमिनेशन का सहारा भी लेती हैं। यह ट्रीटमेंट एकदम लास्ट ऑप्शन हो सकते हैं, लेकिन उससे पहले जरूरी है कि घर पर ऐसी चीजों को ट्राई करें जो सुरक्षित भी हैं और आपकी समस्या का हल भी। हम आपको ऐसे दो घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं जिसकी मदद से आई ब्रो को मोटा और घना बनाना आसान होगा। आप नारियल के तेल और प्याज के बीज की मदद से आंखों को घना और मोटा बना सकती हैं।

### क्यों होती हैं आई ब्रो पतली?

कई बार ओवर प्लकिंग के कारण भी आई ब्रो पतली होने लगती हैं। इसके अलावा कई सारे कारण होते हैं जिनकी वजह से आपकी आई ब्रो पतली हो जाती है। जेनेटिक्स, इंफेक्शन या स्किन की किसी गंभीर कंडीशन की वजह से कई महिलाओं की आई ब्रो खराब होती जाती हैं। वहीं, स्ट्रेस और एंग्जायटी भी हेयर लॉस का कारण बनता है।

### आई ब्रो को घना बनाने के लिए नारियल तेल के फायदे

क्या वाकई नारियल का तेल आई ब्रो को बढ़ाने और घना बनाने में मदद करता है, तो इसका जवाब है-



हां। नारियल के तेल में आपकी आई ब्रो को स्वस्थ रखने के लिए मॉइश्चराइजिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं,जो आई ब्रो को नमी और पोषण देते हैं। इसे बाल घने और मोटे होते हैं। साथ ही, इसमें ऐसे एंटीबैक्टीरियल गुण भी हैं, तो किसी तरह के इंफेक्शन को रोककर आई ब्रो को ग्रो करने में मदद करते हैं।

### आई ब्रो को घना बनाने के लिए नारियल तेल कैसे लगाएं

नारियल तेल को बहुत हल्का-सा गुनगुना करें। इसके बाद उसमें क्यू टिप या कॉटन स्वाब डुबोएं। कॉटन स्वाब को निचोड़कर आई ब्रो पर लगाएं और बालों के बढ़ने की दिशा में धीरे से फैलाएं।

## कार्नर न्यूज

## घर से बाहर लंबे समय के लिए जाना है तो अपनी त्वचा का रखें खास ख्याल

*शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे घूमना-फिरना पसंद नहीं होगा। आज के समय में तो जैसे ही लोगों को अपने व्यस्त जीवन से थोड़ी सी राहत मिलती है तो वो अपने परिवार संग घूमने निकल जाते हैं। ठीक इसी तरह बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाशते रहते हैं। घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। दरअसल, सफर के दौरान मिलने वाली धूप, धूल, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ता है।*

# सफर के दौरान ग्लोइंग त्वचा का रखें ध्यान, वरना स्किन भी करेगी 'सफर'



### साथ में रखें ट्रैवल साइज स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो भी उन स्किन केयर प्रोडक्ट्स को हमेशा अपने साथ ही रखें। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते तो आपको इसके लिए बाजार में पैकेट्स मिल जाएंगे, जिनमें आप अपने प्रोडक्ट कैरी कर सकते हैं।

### साथ में रखें मॉइस्चराइजर

अपने साथ हर हालत में मॉइस्चराइजर जरूर रखें। दरअसल, बदलते मौसम की वजह से त्वचा की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी स्किन को सही रखने में मदद करेगा।



### इस्तेमाल करते रहें सनस्क्रीन

भले ही आप रोड ट्रिप पर हों लेकिन तब भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

### शीट मास्क को रखें पास

अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखें। ये स्किन को हाइड्रेट तो करता ही है और साथ में चेहरे को इंस्टेंट ग्लो देता है। इसका इस्तेमाल आप ट्रेन और बस में भी कर सकती हैं।